आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 154, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 13

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 14

31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव

1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

वाहन खरीदना होगा महंगा

टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

जुर्म	आईपीसी	भारतीय न्याय संहिता
देशद्रोह	धारा 124	धारा 152
गैर-कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
हत्या	धारा 302	धारा 101
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
मानहानि	धारा 399	धारा 356
ठगी	धारा 420	धारा 316

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

	पुराना	नया
	भारतीय दण्ड संहिता, 1860	भारतीय न्याय संहिता, 2023
कुल धाराएं	511	356
संशोधित धाराएं		175
नई धाराएं		8
निरस्त धाराएं		22

सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

मथुरा में पानी की टंकी ढही, 12 गंभीर

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे, बचाव कार्य में कई विभागों की टीम लगी
- कृष्णा विहार कॉलोनी में बूंदाबांदी के बीच हुआ हादसा एनडीआरएफ बुलाई गई

मथुरा नगर में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबे होने से करीब 12 लोग गंभीर घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से विकसित कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी अचानक ढह गई। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। जानकारी पर पहुंचीं पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम ने अब तक 12 घायलों को मलबे से निकाला जा चुका है, जिनकी हालत बेहद गंभीर बताई है।

जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी और पुलिस के अलावा राजस्व, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम बचाव कार्य में लगी हुई हैं। हालांकि इस घटना में अब तक किसी की भी मौत होने की जानकारी नहीं है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राजस्व विभाग प्रभावित परिवारों को भोजन और रहने की सुविधा मुहैया कराने में जुटा है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को भी बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है, जिनके जल्द यहां पहुंचने की उम्मीद है।

तीन साल में ही ढह गई पानी की टंकी

जिलाधिकारी ने कहा कि पानी की टंकी का निर्माण 2021 में ही पूरा हुआ था। ऐसे में केवल तीन वर्ष में ही टंकी का इस प्रकार ढह जाना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है, जिनकी जांच कराई जाएगी।

एक नजर

एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है।

बिभव कुमार की याचिका पर आज आएगा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उसने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

लोस चुनाव में लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दोहराया विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- चीयर 4 हैशटैग से बढ़ाएं ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है।उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।

एक पेड़ मां के नाम पर

मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुर्गाशंकर मिश्र को नहीं मिला चौथा सेवा विस्तार

अमृत विचार : 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का पदभार संभाला

- मनोज पांडे का स्थान लिया, थलसेना के 30वें प्रमुख

नई दिल्ली। चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।

केदारनाथ में फिर हिमस्खलन खाई में समाया बर्फ का गुबार

- चोराबाड़ी क्षेत्र की बर्फीली पहाड़ी पर आया था एवलांच

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। हालांकि इससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर ऐसे हिमस्खलन (एवलांच) होते रहते हैं। केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्ख्लन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्ख्लन हुआ। यहां बर्फ अधिक गिरने पर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

हालांकि पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर सोचने की आवश्यकता है।

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों पर लगेंगे जैमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एंटी ड्रोन जैमर की भी होगी खरीद, खर्च होंगे 74 करोड़ रुपये

- राम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगाने की चर्चा
- व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर की भी होगी खरीद

अमृत विचार : प्रदेश के विशिष्ट पदों पर विराजमान व्यक्तियों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सचिवालय भारत सरकार द्वारा की गई एक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों के क्रम में गृह विभाग ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 74 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति भी दे दी है। इसके लिए सरकार एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर, व्हीलक माउंटेड जैमर आदि लगवाने जा रही है। यह जैमर कहां और कब लगेंगे, विभाग ने अभी अधिकृत रूप से इसका खुलासा नहीं किया है। हालांकि अयोध्या स्थित राम मंदिर में एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर सिस्टम लगाने की चर्चा की जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में गृह विभाग ने 06 एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर खरीदने का फैसला किया है, जिसके लिए साढ़े 32 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से एक अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में लगेगा। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में भी एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर लगाने की चर्चा की जा रही है।

36 करोड़ में खरीदे जाएंगे व्हीकल माउंटेड जैमर

इसी तरह 08 व्हीकल माउंटेड जैमर भी खरीदे जाएंगे, जो इनोवा क्रिस्टा वाहन में फिट किए जाएंगे। यह जैमर महत्वपूर्ण स्थानों, वीवीआईपी की सुरक्षा में तो गतिशील रहेगा ही, साथ ही आगामी कुंभ मेला स्थल पर भी तैनात किया जाएगा। व्हीकल माउंटेड जैमर की खरीद के लिए 36 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है।

वैगेज स्कैनर के लिए खर्च किए जाएंगे छह करोड़ रुपये

इसी तरह 10 व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर भी खरीदे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की संस्तुति की है। इसे भी संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों के साथ साथ वीवीआईपी के कार्यक्रमों में प्रवेश द्वार पर परीक्षण हेतु रखा जाएगा। गृह विभाग ने जारी की गई धनराशि के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को सूचित भी कर दिया है।

बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

गिरिडीह, एजेंसी

- रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा
- गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण हो रहा है। शनिवार रात भारी बारिश से पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया है। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले को जोड़ेगा।

एक नजर

राघवेंद्र प्रताप मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार बने

अमृत विचार, लखनऊ : अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय में तैनात राघवेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद का रजिस्ट्रार बनाया गया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी किये गये।

एक लाख का इनामी नोएडा से गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र. एसटीएफ ने बिहार के एक लाख के इनामी अभियुक्त मुन्नीलाल राय उर्फ मुन्ना राय को नोएडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पर हत्या के दो मुकदमें दर्ज थे। बिहार पुलिस ने आरोपी की लोकेशन नोएडा में मिलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से सहयोग मांगा था।

अनुदानित मदरसों में आज से बायोमेट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्र बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ सीसीटीवी की निगरानी में अपने अध्ययन और अध्यापन कार्य करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाले नए सत्र में संशोधित पाठ्यक्रमों को भी विस्तार दिया जा रहा है। नई व्यवस्था 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी होगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया है कि सोमवार से मदरसों में अध्ययन कार्य आरंभ होंगे। नई व्यवस्था प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी की जा रही है। मदरसों में आने वाले हर शिक्षक और छात्र-छात्राओं को बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी।

- कैमरों की निगरानी में दिन भर रहेंगे शिक्षक-छात्र, रोज देना होगा ब्योरा
- 560 अनुदानित मदरसों में आज से आरंभ होगी नई व्यवस्था

कार्यालय और कक्षा में लगे सीसीटीवी का सामना भी करना होगा। ताकि ये पता चल सके कि कौन कितने बजे और आया और फिर वापसी का समय क्या था। रजिस्ट्रार का कहना है कि फिलहाल ये व्यवस्था अनुदानित मदरसों में शुरू कराई जा रही है, आगे मान्यता प्राप्त मदरसों में भी इसमें शामिल किया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि उन्हें रोजाना की अपडेट राज्य मुख्यालय कार्यालय पर प्रेषित की जानी है।

नए सत्र में अनिवार्य विषय होंगे सम्मिलित

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के तहत सोमवार से नया सत्र आरंभ किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से हाईस्कूल और इण्टर तक की पढ़ाई में गणित, प्राथमिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि विषयों को बतौर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खान सईदी ने बताया है कि अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए ये प्रस्ताव तो 12 अक्टूबर 2021 को ही प्रभावी हो गया था, लेकिन लागू नहीं हो सका। नए सत्र में इसे समायोजित करने से विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

इस तरह से होती है पढ़ाई

यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, ताथानिया (प्राथमिक स्तर), फौकानिया (जूनियर हाई स्कूल स्तर) के प्रदेश में कुल 14677 मदरसे हैं। वहीं आलिया (मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल) के कुल 4536 मदरसे हैं। मुंशी- मौलवी (समकक्ष हाईस्कूल) उच्च शिक्षा एवं नियुक्ति की ओर से शासन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

27 लाख छात्र अध्ययनरत

प्रदेश के कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है। 16,513 मदरसों में से 558 मदरसों को राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इन मदरसों में शिक्षक/कर्मचारियों की संख्या 9000 है।

इस तरह से अब तक होता रहा अध्ययन कार्य

मुंशी- मौलवी में अनिवार्य विषय के तौर पर धर्मशास्त्र (शिया/सुन्नी), ए- अरबी साहित्य (मौलवी उम्मीदवार के लिए), बी फारसी साहित्य (लेखक उम्मीदवार के लिए), उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिंदी की पढ़ाई कराई जाती रही है। अब तक वैकल्पिक विषय के तौर पर गणित / गृह विज्ञान / तर्क और दर्शन / सामान्य अध्ययन / विज्ञान / तिब्बती की भी पढ़ाई को छात्रों द्वारा चुना जाता रहा है। इसके अतिरिक्त मदरसों में धार्मिक शिक्षा में कुरान, हदीस, तफसीर, फिकह की पढ़ाई होती है।

पात्र को योजनाओं की परिधि में लाने को गठित होगी ट्रांसफार्मेशन टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: वृद्धावस्था पेंशन व परिवारिक लाभ योजनाओं में बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को परिधि में लाया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से ट्रांसफार्मेशन टीम गठित होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार यह टीम समाज कल्याण विभाग में योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी। विभाग को सात कार्य दिवस में टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। टीम में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि

- योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी टीम

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदलाव की प्रक्रिया शुरू हुई है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अगले सात कार्य दिवसों में ट्रांसफार्मेशन टीम व कंसलटेंट नियुक्त करने का लिखित निर्देश निदेशक समाज कल्याण को दिया है। कहा गया है कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफार्म-परफॉर्म' व 'ट्रांसफॉर्म' के मंशा को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए विभाग की चुनिंदा योजनाओं की प्रणाली को रूपांतरित किया जाए।

बारिश होने से घटी बिजली की मांग

उत्पादन इकाइयों के लगातार बंद होने के चलते बिजली संकट अब भी है बरकरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग काफी घट गई है, पर उत्पादन इकाइयां के लगातार ठप होने से समस्या दूर नहीं हो पा रही है। प्रदेश की ठप इकाइयों के चालू न हो पाने से रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी रही, हालांकि एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को ठप हुई ओबरा की दो-दो सौ की मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई चालू नहीं हो सकीं। हरदुआगंज की 105 मेगावाट, मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में भी उत्पादन ठप रहा।

- रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ
- बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज की गई

बिजली अभियंता इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि भीषण गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पर कर गई थी।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, पर स्थानीय खराबी दूर करने में काफी समय लग रहा है। वितरण निगमों के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति समय पर बहाल करने के निर्देश दिये गये हैं।

निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना गाइडलाइन का उल्लंघन

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों में निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु तीन साल बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसे केंद्र सरकार की गाइड लाइन का उल्लंघन बताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में बिजली कंपनियों में सुधार के लिए नई गाइड लाइन जारी की थी, जिसमें अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष व अधिकतम कार्यकाल 60 वर्ष निर्धारित किया गया, पर राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को आधार बनाकर अधिकतम आयु सीमा 65 साल कर दी। गाइड लाइन में कहा गया था कि जिन वितरण निगमों में आठ से 12 निदेशक होंगे, उनकी नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 58 साल से ज्यादा नहीं होगी। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा यानी 60 वर्ष की सेवा के बाद निदेशक सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने भी निदेशकों की आयु सीमा बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है।

कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण आरंभ

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत शैक्षिक सत्र 2024-25 के कक्षा 9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण आरंभ किया जा रहा है। इसमें वर्ष 2025 की कृषि भाग-एक की परीक्षा सम्मिलित होने वाले कक्षा 11 के छात्रों का अग्रिम आवेदन भी होगा।

ये विभाग की वेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध है। कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के छात्रों के प्रवेश की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। 20 अगस्त तक परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा के फलस्वरूप हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश ले सकते हैं। 26 अगस्त से 5 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड किये गए छात्र-छात्राओं के विवरणों की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों की जांच की जाएगी।

जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं: योगी

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: जमीन कब्जे के मामलों को लेकर लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी दे चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ज्यादा नाराज दिखे। सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जैसे ही कानपुर, आगरा समेत अन्य जिलों के ऐसे मामले उनके सामने आने लगे वह बिफर पड़े। जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी अधिकांश शिकायतें शाहजहांपुर की रहीं।

- मुख्यमंत्री के सामने जनता दर्शन में जमीन पैमाइश में हीलाहवाली के कई मामले आए

इस दौरान फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी योगी से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। इसी तरह के निर्देश उन्होंने आगरा-कानपुर के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए दिए। योगी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

यूएई से बयान देते हुए हाजी इकबाल का वीडीयो वायरल

अमृत विचार,लखनऊ: पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सब इंस्पेक्टर को बयान देते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा यह कहना कि हाजी इकबाल फरार है, थ्योरी पर सवाल उठ रहे हैं। बतादें कि हाजी इकबाल के खिलाफ ईडी और मेरठ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब चार हजार करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।

वायरल हो रहे वीडियो में हाजी इकबाल एक केस के मामले में मिर्जापुर थाने के सब इंस्पेक्टर के सामने पेश हो रहा है। इसमें बाकायदा सब इंस्पेक्टर नाम, तारीख, दिन, स्थान और केस आदि के बारे में पूछ रहे हैं। वीडीओ में बयान देते हुए हाजी इकबाल कह रहा है कि आज चार अप्रैल 2024 है और दोपहर के 12:33 बजे हैं। जब हाजी इकबाल से पूछा गया कि वह कहां पर हैं तो उसने बताया कि वह यूएई देश के अलबरसा शहर में है।

कंछल की टीम तय, 102 पदों पर निर्वाचित हुए व्यापारी नेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रविवार को रविंद्रालय में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महासम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंच से अपनी नई टीम का एलान किया। मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक को व्यापारियों की आगामी तीन वर्ष की जरूरतों का 20 सूत्रीय मांगपत्र उन्हें सौंपा।

इससे पूर्व मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 102 पदों के लिए 124 प्रतिनिधियों ने नामांकन किया। प्रांतीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ महामंत्री के चुनाव में जिन सदस्यों ने नामांकन किया था। उन्होंने अपने नामांकन वापस ले लिए। निर्वाचन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कछल, वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि की घोषणा के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, । कोषाध्यक्ष, 2 प्रदेश प्रभारी, 2 वरिष्ठ महामंत्री, 5 महामंत्री, 3 संयुक्त महामंत्री और 13 मंत्रियों को मनोनीत किया। महासम्मेलन के दौरान करीब 72 जनपद के 1,000 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राजधानी स्थित रविंद्रालय में आयोजित महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- रमेश अग्रहरी, नवीन मक्कड़ और सचिन कंछल चुने गए वरिष्ठ महामंत्री
- वरिष्ठ व्यापारी नेता राजेंद्र और अमरनाथ को भी अहम जिम्मेदारी मिली

सरकार व्यापारियों के साथ : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ है। व्यापारियों की समस्याओं पर सरकार बड़े दिल के साथ काम करती आ रही है। व्यापारी नेताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि मांगों के रूप में दी गई आपकी बात को एक मैसेंजर की तरह संबंधित महकमों तक पहुंचा दूंगा। कंछल समेत नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उन्होंने मंच से बधाई दी और व्यापारियों के सहयोग में सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया।

लखनऊ की टीम को भी प्रमुख जिम्मेदारी

व्यापारी नेता और लखनऊ व्यापार मंडल के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र को वरिष्ठ महामंत्री, संयुक्त महामंत्री पद पर भारतभूषण गुप्ता, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, संगठन मंत्री पद पर स्टेशनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान के अलावा प्रदेश प्रभारी अनिल बरमानी और श्याम कृश्नानी को अहम जिम्मेदारी दी गई है।

व्यापारियों को वरिष्ठ महामंत्री अग्रहरि के अलावा अमरनाथ मिश्र लखनऊ, वेद प्रकाश गुप्ता शाहजहांपुर, रामकिशोर अग्रवाल गाजियाबाद, शत्रुघ्न केसरी मिर्जापुर, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, नरेश कुच्छल नोएडा, नवीन मक्कड़ सहारनपुर, सचिन कंछल और प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया।

26 चिकित्सा अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर तबादले करते हुए रविवार को 26 चिकित्सा अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। तबादलों के इस क्रम में डॉ. रेनू पंत को लखनऊ के वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) और डॉ. फौजिया अंजुम को उमाशंकर दीक्षित महिला चिकित्सालय उन्नाव का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ. अनवर सादात को रामपुर महिला चिकित्सालय का सीएमएस नियुक्त किया गया है। डॉ. जगवीर सिंह वर्मा को सीएमएस मलखान सिंह जिला अस्पताल अलीगढ़ बनाया गया है।

इसके अलावा अयोध्या, सीतापुर, झांसी, जौनपुर, लखीमपुरखीरी, फिरोजाबाद, हमीरपुर समेत कई जिलों में नए सीएमएस तैनात कर दिए गए हैं। तबादले का यह आदेश विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी किया गया। डॉ. भावना शर्मा को सीएमएस टीबी सप्रू चिकित्सालय प्रयागराज, डॉ निर्मला कुमारी को सीएमएस महिला चिकित्सालय रायबरेली, डॉ. शोभावती को सीएमएस महिला चिकित्सालय मथुरा, डॉ. राज नारायण को सीएमएस महिला अस्पताल झांसी और डॉ. विनोद कुमार वर्मा को सीएमएस श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या बनाया गया है।डॉ. रामबाबू को संयुक्त चिकित्सालय चकिया

- डॉ. रेनू पंत को लखनऊ के अवंतीबाई अस्पताल का सीएमएस बनाया गया

चंदौली का सीएमएस बनाया गया है। जयशंकर प्रसाद सिंह को सीएमएस महिला अस्पताल मऊ, डॉ. शिवदत को सीएमएस जिला अस्पताल बांदा, डॉ. धनंजय कुमार को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल मऊ, डॉ राकेश कुमार को सीएमएस जिला एमएमजी अस्पताल गाजियाबाद, डॉ. बालचंद्र पाल को सीएमएस यूएचएम अस्पताल कानपुर नगर, डॉ. महेंद्र कुमार गुप्ता को सीएमएस महिला अस्पताल जौनपुर और डॉ. इंद्र सिंह को सीएमएस जिला अस्पताल सीतापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह डॉ. किशोर कुमार आहूजा को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल शामली, डॉ. राज कुमार कोली को सीएमएस जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी, डॉ. सुजीत कुमार यादव को सीएमएस जिला अस्पताल बलिया, डॉ. अशोक प्रियदर्शी को सीएमएस डॉ आरएमएल जिला पुरुष अस्पताल फर्रुखाबाद, डॉ. रमेश चन्द्र केशव को सीएमएस संयुक्त अस्पताल शिकोहाबाद फिरोजाबाद, डॉ. पुष्पलता को सीएमएस जिला महिला अस्पताल हाथरस, डॉ. वंदना अग्रवाल को सीएमएस जिला अस्पताल वृंदावन मथुरा और डॉ. अंजुला गुप्ता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल हमीरपुर और डॉ. अलका शर्मा को सीएमएस जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद नियुक्त किया गया है।

डूबने व सर्पदंश से सात लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने, डूबने व सर्पदंश से सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों को राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश में दो लोगों की आकाशीय बिजली गिरने, चार लोगों के डूबने व एक की सर्पदंश की मौत हो गई। डूबने वाले लोगों में लखनऊ के दो व प्रयागराज व कासगंज के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं, जबकि आकाशीय बिजली से उन्नाव व संत कबीरनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। बांदा में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि 24 घंटों में सात जनहानियां हुई हैं, जिसमें मृत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

बीएल मीणा और वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की रविवार को हुई बैठक में प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई। इसमें साल 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारियों बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति मिली है। डीपीसी में साल 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए प्रस्ताव रखा गया।

- विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की हुई बैठक

वर्ष 1991 बैच के कामराज रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए उन्हें उप्र. आने पर यह लाभ मिलेगा। इसीलिए रिक्त पदों के आधार पर बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को पदोन्नति दे दी है। सितंबर में अपर मुख्य सचिव के और पद रिक्त हो रहे हैं। इस नजर से अनुराग श्रीवास्तव और नरेंद्र भूषण को पद रिक्त होने के साथ पदोन्नति मिलेगी।

माना जा रहा है कि डॉ. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते ही जैसे पद रिक्त होगा इन दोनों अधिकारियों को पदोन्नति मिल जाएगी। माना जा रहा है कि डॉ. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते ही जैसे पद रिक्त होगा इन दोनों अधिकारियों को पदोन्नति मिल जाएगी।

प्रो. आनन्द काशी विद्यापीठ के कुलपति नियुक्त

अमृत विचार,लखनऊ: प्रो. आनन्द कुमार त्यागी को वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रविवार को प्रो. त्यागी को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्षों के लिए काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया है। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डा. सुधीर एम. बोवड़े ने रविवार की देर शाम आदेश जारी कर दिया।

पहले योगी की टीम 11 फिर 9 के बाद अब मुख्य सचिव बने मनोज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सबसे पहले नौकरशाही में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही, सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो। आईएएस मनोज कुमार सिंह भी उन चुनिंदा अधिकारियों में से एक रहे जो योगी की इसी कसौटी पर खरे उतरे।

मनोज सिंह योगी की टीम 11 और टीम 9 के एक ऐसे ही अहम सदस्य हैं जिन्होंने रविवार को उत्तर प्रदेश नौकरशाही में नंबर एक के पायदान पर आते हुए मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया है। अब वह राज्य की ब्यूरोक्रेसी के टीम लीडर होंगे।

नव नियुक्त मुख्य सचिव मनोज सिंह को बधाई देते पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

1988 बैच के आइएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान परिणाम देने वाले अधिकारी की रही है। यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में उनपर लगातार भरोसा जताया है। कहा जाता है कि तय समय में काम कर देने के योगी-मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। दरअसल, कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

शीर्ष प्राथमिकता पर रहेंगी निवेश परियोजनाएं: मुख्य सचिव

अमृत विचार : राज्य के नये मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद मनोज कुमार सिंह ने रविवार को लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में कहा कि मुख्य सचिव के तौर पर उन्हें अहम जिम्मेदारी मिली है और वह इसे बड़ी चुनौती नहीं बल्कि बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। यह मौका है हमारे और हमारे अधिकारियों की पूरी टीम के पास कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में राज्य की 24 करोड़ जनता के बेहतरी के लिये जो भी कार्य हो सकते हैं, बहुत तेजी से करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास के लिये और अलग-अलग विभागों के लिये जो लक्ष्य तय कर रखें हैं, उन्हें तेजी से धरातल पर उतारना है। उनके लिये इनवेस्टमेंट के प्रोजेक्ट शीर्ष प्राथमिकता पर रहेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि महाकुम्भ-2025 को वर्ष 2019 में आयोजित कुम्भ से और बेहतर सुव्यवस्थित तरीके, स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में आयोजित हो।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह को सेवा विस्तार

अमृत विचार : राज्य सरकार ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए रविवार को उन्हें 6 महीने का और सेवा विस्तार कर दिया है। उनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा था लेकिन अब वह 2024 दिसंबर तक यमुना अथॉरिटी के सीईओ रहेंगे। पीसीएस अफसर अरुणवीर सिंह को 2006 में आईएएस में प्रोन्नत किया गया था। इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट और इंटरनेशनल फिल्म सिटी की प्रगति अच्छे हो, इसलिए अरुणवीर का दायित्व बहाल रखा गया है।

इनको मिलीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

लखनऊ : मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां अन्य अधिकारियों में भी बांटी गई है। आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई। वहीं आईएएस रमाकांत पांडेय, उप्र. जल निगम के एमडी बनाये गए हैं। इस पद पर रहे आरके मिश्रा का दुग्ध आयुक्त के पद पर तबादला किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ा कार्य अविस्मरणीय योगदान: मिश्रा

अमृत विचार : सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्व मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने एक्स पर अपने विचार शेयर किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपने परिवार को भी याद किया। उन्होंने लिखा कि मुझे मुख्यमंत्री योगी का पूरा भरोसा मिला, तभी अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्य करवा सका। राम मंदिर का कार्य मेरे 40 वर्ष के सेवाकाल के अविस्मरणीय योगदानों में एक है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तेजी से औद्योगीकरण, सुदृढ़ अवस्थापना विकास, हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति इत्यादि मेरी हर जिम्मेदारी में मुख्यमंत्री का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दुर्गाशंकर मिश्रा ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत एक दशक में लोक सेवकों की सोच, समर्पण व श्रद्धाभाव में आमूलचूल परिवर्तन लाया है।

आयुष विभाग में फिलहाल नहीं होंगे तबादले

अमृत विचार: राज्य सरकार ने आयुष विभाग के तबादले पर रोक लगा दी है। स्थनांतरण नीति के तहत तबादला प्रस्ताव देर से मिलने व इसमें खामियां दिखने पर स्थानांतरण सत्र शून्य घोषित कर दिया गया है।

स्थानांतरण नीति के तहत आयुष के अन्तर्गत आने वाले होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व यूनानी विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले होने थे। विभागों के निदेशकों की ओर से तबादले के प्रस्ताव शासन को भेजे गये थे, पर तबादले नहीं किये गये। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निदेशकों के प्रस्ताव में प्रथम दृष्टया नई विसंगतियां परिलक्षित हो रही हैं, जिनका निराकरण किया जाना वर्तमान में संभव प्रतीत नहीं हो रहा है।

एक नजर

तीन शिक्षकों को मिली तैनाती

संवाददाता, रायबरेली। प्राथमिक विद्यालयों में तीन शिक्षकों को तैनाती दी गई है। 12460 शिक्षक भर्ती के तहत दो महीने पहले तीन शिक्षकों की नियुक्ति की गई। इन तीनों शिक्षकों को सरायं अख्तियारपुर कंपोजिट विद्यालय, छतोह का प्राथमिक विद्यालय डिहवा, अशरफपुर कंपोजिट विद्यालय आवंटित किया गया। विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया डीआइओएस ओमकार राणा और बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पूरी कराई। तीनों शिक्षक सोमवार को कार्यभार संभालेंगे।

करंट की चपेट में आने से महिला घायल

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव निवासिनी कुरेश पत्नी मोहम्मद अहसान शनिवार शाम को घर में अकेली थी और भीषण गर्मी के चलते फर्राटा लगाने के लिए पहुंच गई। बरसात होने के चलते फर्राटे में करंट उतर रहा था, जिसकी जानकारी महिला को नहीं थी। अचानक फर्राटे को जैसे ही बिजली के बोर्ड में लगाया और फराटा छूते ही करंट की चपेट में आ गई और महिला नीचे गिरकर मरणासन्न स्थिति में हो गई। थोड़ी देर के बाद जब परिजन घर पहुंचे तो महिला को देख परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है।

चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां, रायबरेली। अवैध मादक पदार्थ एवं द्रव्यों की बिक्री तस्करी के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त जसवंत पुत्र परीदीन निवासी सुखदेई खेड़ा मजरे दोस्तपुर थाना बछरावां को अवैध चरस के साथ थाना क्षेत्र के शारदा नहर पुल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा के पास प्रियांशु पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम इशिया थाना क्षेत्र बछरावां, लखनऊ से गांव की तरफ आ रहे थे। टोल प्लाजा के निकट पहुंचे बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। युवक गिरकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

झोलाछाप ने प्रसूता का किया ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा की मौत

निजी नर्सिंग होम संचालक ने शव को जबरन किया बाहर, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता, ऊंचाहार

रायबरेली, अमृत विचार। इलाज के नाम पर दुकान चलाने वालों का बड़ा असंवेदनशील मामला सामने आया है। प्रसव के लिए आई प्रसूता का ऑपरेशन एक झोलाछाप डॉक्टर ने कर दिया, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। मौत के बाद शव को पहले रेफर किया जा रहा था। बाद में नर्सिंग होम संचालक ने जबरन उसे अस्पताल से बाहर कर दिया। परिजन अस्पताल पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

वहीं, स्वास्थ्य महकमा अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। अफसरों की माने तो अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है।मामला नगर के के एक निजी हॉस्पिटल का है। क्षेत्र के कंदरावा गांव निवासी ननके का कहना है कि उनकी बहू को प्रसव पीड़ा होने पर इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामला बीते शुक्रवार रात का है। रात में एक डाक्टर ने उसकी बहू का आपरेशन किया। शनिवार को उससे कहा गया कि तुम्हारे मरीज की हालत खराब है, उसे जिला अस्पताल रायबरेली ले जाओ। पीड़ित का कहना है कि जब उसने जाकर देखा तो उसके बहू और उसके गर्भ में ही नवजात की भी मौत हो चुकी थी। आरोप है कि उसने जब अस्पताल संचालक से कहा कि उसकी बहू तो मर चुकी है, फिर क्यों रेफर कर रहे हो तो वो लोग भड़क गए और शव को अस्पताल से निकलवाकर बाहर कर दिया। उसका कहना है कि उससे एक कागज पर जबरन अंगूठा भी लगवा लिया है। इस घटना की जानकारी जब लोगों को हुई तो प्रसूता के घर पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई । परिजनों ने सोशल मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। ऊंचाहार के सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि यदि जांच में आरोप सत्य पाए गए तो अस्पताल को सीज किया जाएगा और अस्पताल संचालक तथा चिकित्सक के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई हेतु कोतवाली में प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

गमगीन बैठी महिलाएं। अमृत विचार

जांच टीम गठित, तीन दिन के अंदर देगी रिपोर्ट

ऊंचाहार, रायबरेली। नगर के हर्ष हॉस्पिटल में प्रसूता का झोलाछाप द्वारा ऑपरेशन करने के कारण हुई जच्चा बच्चा की मौत का मामला उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद कर रहे हैं यह टीम तीन दिन के अंदर पूरे प्रकरण की जांच करके मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपनी रिपोर्ट देगी। उसके बाद अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही होगी ।

ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत

बछरावां, रायबरेली। लखनऊ-रायबरेली रेलवे ट्रैक पर बछरावां रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर एक अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा है। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि हादसा शनिवार रात लगभग दो बजे के करीब का है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

किशोरी ने खा ली चूहा मारने की दवा, भर्ती

बछरावां, रायबरेली। रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के अघौरा गांव की रहने वाली मालती पुत्री रामनारायण ने चूहा मारने दवा खा ली है, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी बछरावा पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया है। परिजनों ने बताया कि मोबाइल पर बात करने से डांट दिया, जिससे नाराज किशोरी ने चूहे मारने की दवा खाकर कमरे में लेट गई। काफी देर तक बाहर नहीं आई तो देखा तो किशोरी की हालत बिगड़ती जा रही थी। इसके बाद उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

घर में बकरी घुसने पर दस लोगों को पीटा, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, डलमऊ

रायबरेली अमृत विचार। घर में बकरी घुस जाने से नाराज पड़ोसी ने कई लोगों के साथ मिलकर बकरी पालक व उसके परिवार के 10 लोगों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के साथ अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आंबा ग्राम निवासी नीरज पुत्र राम किशोर ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की देर रात घर में बंधी बकरी किन्ही कारण से खुलकर पड़ोसी गिरजा के घर में चली गई। इससे पड़ोसी उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर गिरजा अपने पारिवारिक जनों और अन्य अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडे और बिजली के तार लेकर आ गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। विपक्षियों ने पीड़ित नीरज के साथ पंकज(42), मनोरमा(48), रोहित(24), अनुज (22), प्रियांशी (15), गीता (37), पिंकी (20), विकास(30), पूनम(36) को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां पर मनोरमा की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही लल्लू कुर्मी, गोलू, अमित बनिया, रवि, गिरजा बनिया के साथ अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अलग -अलग हादसे में दो की मौत, चार लोग घायल

एक बच्चे समेत चार की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, सलोन

रायबरेली, अमृत विचार। रविवार रात सड़क हादसे ने दो परिवार की दुनिया को उजाड़ दिया। अलग -अलग सड़क हादसे में घायल दो बाइक सवार की इलाज के दौरान सीएचसी में मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत चार लोगों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की रात आठ बजे बाइक सवार सुरेंद्र विश्वकर्मा(40) पुत्र बृजलाल निवासी रामीपुर सलोन कस्बे से घर लौर रहे थे।दूसरी ओर से अपनी भाभी रामवती के साथ बाइक से रायबरेली जा रहे राम खेलार पुत्र धुन्नी निवासी चंदा बही पुर थाना नसीराबाद की आमने सामने जोरदार टक्कर निर्माणाधीन थाना परिसर के समीप हो गई। टक्कर लगते ही तीनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

सीएचसी में इलाज के दौरान सुरेंद्र विश्वकर्मा की मौत हो गई।वही दूसरी घटना क्षेत्र के औटहिया गांव के। समीप घटी।ग्रामीणों के मुताबिक सन्तराम(37) पुत्र राम सुख, सन्दीप पुत्र जियालाल और अंकुश पुत्र संतलाल एक बाइक पर बैठकर धरई बाजार किसी काम से जा रहे थे।औटहिया गांव के समीप अज्ञात पिकप वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों की सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल तीनो लोगो को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।यहां इलाज के दौरान सन्तराम की मौत हो गई। डॉक्टर आशीष नायक ने बताया कि दुर्घटना में घायलो को सीएचसी लाया गया था। जिनकी हालत नाजुक थी।उपचार के दौरान ही दोनों ने दम तोड़ दिया।अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगोa की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

मुफ्त बांटें गये उड़द, बाजरा, कोदव के बीज

संवाददात, शिवगढ़

रायबरेली। किसानों को दलहनी फसल और मोटे अनाज के उत्पादन के प्रति प्रेरित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ में उड़द, बाजारा, कोदव के बीज की निःशुल्क किटें भेजी गई हैं। इनका वितरण सोमवार से राजकीय बीज भंडार शिवगढ़ में किया जाएगा।

निःशुल्क बीज का वितरण पहले शनिवार से होना था, लेकिन ई-पास के नहीं चलने से शुरू नहीं हो सका। उड़द, बाजरा आदि की खेती करने वाले किसान खतौनी की फोटोकॉपी, आधार कार्ड की फोटो कॉपी अपने साथ लाकर राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ से बीज की निःशुल्क किट प्राप्त कर सकते हैं।

▸▸ ई-पास न चलने से शनिवार को नहीं शुरू हो सका बीज का वितरण

एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी ने बताया कि राजकीय बीच भण्डार शिवगढ़ में उड़द की 60 किटे, बाजरें की 22 किट, कोदव की 24 किटें आई हैं। उन्होंने बताया कि उड़द की किट का वजन 4 किलोग्राम, बाजरा के किट का वजन 2 किलोग्राम, कोदव के किट का वजन 3 किलोग्राम है। बीज की इन निःशुल्क किटों का वितरण ई पास मशीन के माध्यम से किया जाएगा। एक किसान तीनों बीजो में से कोई एक बीज की किट निःशुल्क प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस निःशुल्क बीज का वितरण ई पास मशीन के माध्यम से होना है। इसलिए जिस किसान का अंगूठा लगेगा उसको पूरी एक किट देने का प्रावधान है। खुली पैकेट नहीं मिलेगा।उन्होंने बताया कि यह किट उन्हीं किसानों को दी जाएगी, जिन्होंने पिछले दो साल में निःशुल्क किट का लाभ न लिया हो। उन्होंने बताया कि शिवगढ़ ब्लॉक के किसी भी गांव के किसान प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक राजकीय बीज भण्डार में आकर बीज की निःशुल्क किट प्राप्त कर सकते हैं। बीज के पैकेट की मात्रा सीमित है, इसलिए पहले आने वाले किसानों को ही नम्बर के हिसाब से वितरण किया जाएगा। बीज भण्डार प्रभारी शिवशंकर वर्मा ने बताया कि बीज का वितरण शनिवार से होना था, लेकिनई-पास मशीन न चलने से किसानों का अंगूठा नहीं लग सका। इसलिए शनिवार से वितरण नहीं शुरू हो सका। सोमवार से निशुल्क बीज का वितरण किया जाएगा।

किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार देर शाम गरीब खेड़ा मजरे राघवपुर की रहने वाली चांदनी (16) पुत्री श्रीपाल ने अपने घर में पंखे के हुक के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय परिजन खेत में धान की नर्सरी की रखवाली कर रहे थे। जब वह घर पहुंचे तो देखा घर का एक कमरा अंदर से बंद है। परिजनों ने किशोरी को आवाज लगाई पर कोई जवाब नहीं मिला। चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो किशोरी का शव फंदे के सहारे लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

चांदनी (मृतका फाइल फोटो)

पुलिस कस्टडी से भागने पर नाले में गिरा युवक, घायल

संवाददाता, सलोन

रायबरेली। चोरी की घटना में पकड़ा गया वांछित युवक पुलिस कस्टडी से भागने के दौरान पक्के नाले में गिरकर घायल हो गया। करहिया चौकी पर मौजूद कर्मियों ने वांछित को दौड़ाकर पकड़ लिया। घटना के दौरान वांछित युवक के पैर में चोट लगने के कारण उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया था। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। रविवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के प्यारेपुर करहिया बाजार में जुलाई 2023 की रात्रि अज्ञात चोरो ने विनय शुक्ला की मोबाइल की दुकान से 70 मोबाइल और 38 सौ रुपये चोरी कर ले गए थे। पुलिस के मुताबिक चोरी किये गए मोबाइल को चोर हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ बेचने गए थे। बेचने के दौरान हथिगवां पुलिस ने राहुल पुत्र सुंदर निवासी हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करते हुए धारा 411 का अभियोग पंजीकृत किया था। जबकि उसका दूसरा साथी बृजेश उर्फ पिंटू पुत्र धर्मपाल निवासी कबीर पुर माता दीन बिसेया हथिगवां भाग निकला था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे युवक बृजेश को लहुरेपुर के पास करहिया चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक वांछित को पकडकर चौकी पर बैठाया गया था। इसी दौरान नुरूद्दीनपुर टोल पर एक व्यक्ति के दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर चली गई। जबकि चौकी पर एक सिपाही मौजूद था।पुलिस के मुताबिक वांछित चोर बृजेश चौकी से भागने लगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वांछित युवक भागते भागते एक पक्के नाले में गिर गया था। जिसके बाद सिपाही ने उसे घायल अवस्था मे लहुरेपुर मोड़ के पास दबोच लिया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोबाइल चोरी में अभियुक्त वांछित चल रहा था। चोरी का मोबाइल और उसका साथी पहले ही जेल जा चुके है। इसी दौरान वांछित भागने लगा जो पक्के नाले में गिरकर घायल हो गया। वांछित के विरुद्ध विभिन्न थानों में सात आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

सहन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के सैदपुर बेहटा गांव में शनिवार की देर रात सहन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। वारदात में एक अधेड़ को गंभीर चोटे आ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। गांव में इस बात को लेकर सनसनी फैल गई कि वहां पर गोली चलने से कई लोग घायल हुए हैं। परंतु जब पुलिस मौके पर पहुंची तो गोली चलने की खबर की पुष्टि नहीं हो पाई है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। सैदपुर बेहटा गांव में सहन विवाद को लेकर रघुनंदन (50) पुत्र दुर्गा प्रसाद तथा एक अन्य के बीच जमकर मारपीट हुई। रघुनंदन के सिर पर गंभीर चोटे आई है। वहीं, किसी ने गोली चलने की अफवाह फैला दी। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव में किसी पक्ष में गोली नहीं चली है सिर्फ मारपीट की घटना सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

उत्साह खूब हुई आतिशबाजी, आसमान रहा सतरंगी, क्रिकेट प्रेमियों ने ढोल -नगाड़ों के साथ भारत माता के जयकारे लगाये

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद शहर में मना जश्न

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। शनिवार देर रात चल रहे भारत और दक्षिण अफ्रीका के मध्य टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत को बेहद करीबी रोमांचक मुकाबले में सात रनों से मिली जीत के बाद पूरे रायबरेली सहित ग्रामीण क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया।

जैसे ही भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी 20 वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया, वैसे ही क्रिकेट प्रेमियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घरों व मोहल्लों में बड़ी स्क्रीन लगा कर मैच देख रहे क्रिकेट प्रेमी अपनी खुशी नहीं रोक पाए। उन्होंने जमकर डांस कर भारत की जीत का जश्न मनाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। 11 साल के लंबे इंतजार के बाद जैसे ही भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप जीत जीतने के बाद देश और दुनिया की तरह रायबरेली में भी लोग खुशी से झूम उठे। रेलवे स्टेशन रोड राम कृपाल चौराहा सहित शहर के अधिकतर मोहल्लों और चौराहों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवाओं ने ब जश्न मनाया और देर रात तक शहर में आतिशबाजी होती रही। शहर में कई जगह लोगों ने ढोल बजाए और डीजे की धुन पर डांस किया। जिसमें खास तौर पर बच्चे और युवा शामिल थे। सूर्यकुमार यादव द्वारा कैच पकड़ने के बाद क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह रहा लोगों ने मान लिया था कि अब भारत ट्रॉफी से चंद गेंद शेष है। दक्षिण अफ्रीका पर भारत की रोमांचक जीत के बाद जिले भर में जिस उत्साह और उल्लास के साथ जश्न मनाया गया पटाखे फोड़े गए आतिशबाजी हुई उससे यही लग रह था कि मानो जून में ही दिवाली मनाई जा रही है। आसमान पटाखे की सतरंगी रंगों से लाल था और लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे थे।

भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी मनाते लोग।

भारत को टी 20 वर्ल्ड कप में मिली जीत के बाद जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमी।

सार-संक्षेप

मृत्युंजय बाजपेई बने उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री

प्रदेश संगठन मंत्री बनने पर मृत्युंजय बाजपेई का स्वागत करते बसंत सिंह बग्गा।

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय चुनाव में लालगंज नगर के गुरुद्वारा रोड निवासी मृत्युंजय बाजपेई प्रदेश संगठन मंत्री चुने गए हैं। अभी तक मृत्युंजय बाजपेई उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला उपाध्यक्ष थे। उनके प्रदेश संगठन मंत्री बनने पर लालगंज के व्यापारियों ने प्रसन्नता जताई है। जिलाध्यक्ष रोहित सोनी और नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि मृत्युंजय बाजपेई को व्यापार मंडल का प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है। मृत्युंजय बाजपेई का प्रदेश संगठन मंत्री बनना लालगंज के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लिए गौरव की बात है। उनके संगठन मंत्री बनने से व्यापार मंडल और अधिक मजबूती से काम करेगा। मृत्युंजय वाजपेई के प्रदेश संगठन मंत्री बनने पर भाजपा के विधानसभा संयोजक व ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, अशोक शुक्ला, सतीश त्रिवेदी, अनूप पांडे, बच्चा पांडे, कैलाश बाजपेई ने प्रसन्नता जताई है। इसके अलावा व्यापार मंडल के संरक्षक किरन सोनी, रोहित सोनी, हंसराज विश्वकर्मा, नगर उपाध्यक्ष महेश सोनी, अनिल सोनी, नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी, वीरू तिवारी, कैलाश केसरवानी, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रतीक शर्मा, रौनक भदौरिया, अर्पित गुप्ता, विनय शर्मा, पारुल गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरेश, रामबाबू सोनकर, पुष्कर गुप्ता, मयंक गुप्ता, शिवम सोनी, पीयूष गुप्ता, विनय गुप्ता, विशाल गुप्ता, अंकुर गुप्ता, मीडिया प्रभारी मोहम्मद परवेज, आशीष चौरसिया आदि भी खुशी व्यक्त की है।

तहसीलदार ने पीस कमेटी की बैठक दिए निर्देश

डीह थाना में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

डीह, रायबरेली। थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। तहसीलदार सलोन और थाना प्रभारी की उपस्थिति में कांवर यात्रा व मुहर्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र के ताजियादार, कांवर यात्रा के अध्यक्ष, धर्मगुरु समेत विभिन्न समाज के लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने सभी को शासन-प्रशासन के आदेश-निर्देशों को अवगत कराकर पालन करने के लिए कहा। इस मौके पर लियाकतउल्ला, बबलू, हीरा सोनी, जुग्गी लाल, सगीर, अमरनाथ द्विवेदीआदि लोग उपस्थित रहे।

प्रांतीय अध्यक्ष का शिक्षकों ने किया स्वागत

प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा का स्वागत करते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

रायबरेली, अमृत विचार। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा का शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। वह प्रयागराज से लखनऊ जा रहे थे। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंटकरस्वागत किया। प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, शिव शंकर पाण्डेय, अक्षत पाण्डेय आदि ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष से शिक्षकों के हितों पर चर्चा की गई। उन्होंने आश्वस्त किया है कि किसी कीमत पर शिक्षकों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उनके हितों के लिए संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर जिला मंत्री मुकेश चन्द्र द्विवेदी, जनपदीय संयुक्त मंत्री चन्द्रमणि बाजपेयी, जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह, संघर्ष समिति के जनपदीय अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, संघर्ष समिति के जनपदीय मंत्री सुधीर सिंह, जनपदीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में विदाई समारोह आयोजित

सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ।

डलमऊ, रायबरेली । रविवार को नगर पंचायत डलमऊ में नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सफाई कर्मचारी मुन्ना को सेवानिवृत्त होने पर अध्यक्ष द्वारा अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गा। कहा कि हमारे पूज्य पिताजी के कार्यकाल से कार्यरत कर्मचारी का सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आयोजित करना मेरे लिए गर्व का विषय है। मुन्ना 13 फरवरी 1984 को सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हुए थे। सभी कर्मचारियों को आपसे प्रेरणा लेनी चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा किसी प्रकार की कोई भी जरूरत मेरी पड़े तो 24 घंटे हम आपके लिए खड़े रहेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़, सभासद विनीत जायसवाल, मोहम्मद शकील अहमद, जितेंद्र सोनकर, फिरोज अहमद, राहुल यादव, अनन्त श्रीवास्तव, लिपिक सोहराब अली जूबी, सतीश जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में अपराधियों के बढ़े हौसले : राहुल लोधी

पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते विधायक राहुल लोधी। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। सपा विधायक राहुल लोधी ने बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती के साथ हरचंदपुर क्षेत्र के प्यारेपुर गांव पहुंचे। यहां पर बीते दिनों युवक की हत्या के मामले में जानकारी ली। साथ ही मृतक अमन के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी और बछरांवा विधायक श्याम सुंदर भारती ने सक्षम अधिकारियों से बातचीत कर पारदर्शिता पूर्ण जांच करने के कड़े निर्देश दिए। विधायक ने मृतक के पिता रामसजीवन से मिलकर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। विधायक राहुल लोधी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर सम्भव पीड़ित परिवार की मदद के लिए खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराध पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था दिनोंदिन ध्वस्त होती जा रही है। पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हर संघर्ष के लिए हमारी पार्टी तैयार है।इस मौके पर मेरे ब्लाक अध्यक्ष अमरदेव यादव सहित सपा नेता मौजूद रहे।

विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

ऊंचाहार, रायबरेली। बौद्धिक विचार मंच, ऊंचाहार की ओर से पं. गोपीनाथ मिश्र की पुण्यतिथि पर गांव सादे की बाजार में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बटुक कन्दर्प मिश्र के वैदिक मंगलाचरण से गोष्ठी की शुरुआत हुई। प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज के संस्कृत प्राध्यापक डा पीयूष मिश्र पीयूष ने कहा कि पं. गोपीनाथ की त्याग तपस्या के बल पर परिवार में ज्ञान की ज्योति आज भी जगमगा रही है। आचार्य राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि गोपीनाथ मिश्र स्वाभिमानी, स्पष्टवादी, सच्चे कर्मयोगी थे। श्रद्धांजलि गीत "थामा जो हाथ तुमने कहीं छूट न जाये, दो चार कदम चलके कसम छूट न जाये, सुनाया। रिंकी, अर्जुन प्रसाद, राकेश, देशराज, उत्पल, परिमल, बिपिन, विकास, पुनीत आदि ने गोपीनाथ के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

'डॉक्टर्स डे' पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ0 बिधान चन्द्र रॉय
पूर्व द्वितीय मुख्यमंत्री
पं. बंगाल
जिनकी स्मृति में हर वर्ष मनाते हैं
'डॉक्टर्स डे'

सर्वे सन्तु निरामया...

जब तक आप बीमार या घायल नहीं हो जाते, चिकित्सक कितने महत्वपूर्ण, कीमती और आवश्यक सक्षम हैं– यह हमें समझ नहीं आता है। 'डॉक्टर्स डे' मेहनती डॉक्टरों पर ध्यान केंद्रित करता है और हमें प्रेरणा देता है कि वे ऐसे ही हमारे लिए काम करें, उनकी करुणा और दवा का असर हमारे स्वसत्य को ठीक करने में लगा रहे। इस प्रकार डॉक्टरों को अपनी जिम्मेदारियों को महसूस करने के अलावा लोगों को भी इसे पहचानना चाहिए और समझना चाहिए कि डॉक्टर भी एक इंसान हैं। डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य की भलाई के लिए जो प्रयास करते है, उनके इस महान काम के लिए हमें उनकी सराहना करना चाहिए।

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
डा. के.पी. वर्मा
एमडी
उर्जित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
रायबरेली
URJIT HOSPITAL

डॉक्टर्स डे पर शुभकामनाएं

आज हम सब डॉक्टर्स डे मना रहे हैं। भले ही कदम–कदम पर नर्सिंग होम खुले हैं, सरकारी अस्पताल भी हैं लेकिन आज कर्तव्यबोध की कमी महसूस होती है। हालांकि कई तो ऐसे भी हैं जो हफ्ते के छह दिन सशुल्क तो एक दिन निशुल्क जरूरतमंदों की सेवा करते हैं। आज के दिन धरती के भगवान से यही अपील है कि पीड़ित मानवता की सेवा निस्वार्थ भाव से करें।

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
डॉक्टर विनीत सिंह
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ
संपर्क सूत्र, 9643287980

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
राधे मेडिकल स्टोर
महराजगंज रायबरेली

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
प्रयास हॉस्पिटल
(जच्चा बच्चा केन्द्र)
नोट - हमारे यहाँ सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज कुशलता पूर्वक किया जाता है।
आपात कालीन 24 घण्टे सेवा उपलब्ध है।
ईलाज एवं भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध है।
प्रो. अनिकेत मो. 9517524694, 9005752469
पता– निकट पड़वा नाला, डलमऊ रोड, मुराई बाग, डलमऊ रायबरेली

डॉक्टर हैं धरती के भगवान

आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस है। यह दिन पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। डॉक्टर्स डे पर एक ही बात कही जा सकती है कि डॉक्टर ही धरती के भगवान हैं। जरूरत है के इस पवित्र पेशे से जुड़े लोग लोगों को जीवनदान देने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। डाक्टर दिवस के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं।

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
दीपिका क्लीनिक
खीरों रोड, सेमरी चौराहा, रायबरेली
डा. एम.एस गुप्ता

फीनिक्स हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
• 24X7 डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
• I.C.U
• N.I.C.U.
• डेन्टल केयर
• वार्मर मशीन
• बाई पैप मशीन
• फोटो थेरेपी
• इनफ्यूजन पम्प
24/7 Emergency Services
डा. मो. इरसाद
सी-1 इन्दिरा नगर नेहरू नगर रोड, रायबरेली मो.- 9140596249, 9565100093

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
APAX HOSPITAL & TRAUMA CENTRE
निदेशक
श्री शैलेन्द्र अग्निहोत्री
पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख सरेनी, रायबरेली
डॉ0 जी0एम0 द्विवेदी
(MBBS, MD)
Address: Front of Girl's ITI College, Gora Bazar, Raibareli
Contract: 05352-990012, 7272090455, 7007015706, 7905189385

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Abdul Hameed
BHMS (General Physician)
Fellowship in emergency medicine

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
वंश मेडिकल स्टोर
नोट- हमारे यहाँ अंग्रेजी, आयुर्वेदिक, जानवरों की दवाओं के थोक एवं फुटकर विक्रेता व सर्जिकल स्टोर
प्रो. सुशील मौर्या
डिग्री कालेज चौराहा, अवध कम्प्यूटर के सामने, कैनाल रोड, रायबरेली। मो0: 9956375127, 8840005085, 7985792698, 9565188349

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
डा. एलपी सोनकर
सीएचसी अधीक्षक जगतपुर
रायबरेली

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
डॉ. सिद्धांत सिंह
पूर्व चिकित्सक एम्स
रायबरेली

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां
लाइफ लाइन मेडिको
मनोज रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट
मो. 9792806070, निवासी कंधरपुर, रायबरेली

मिल जुलकर मनाएं सावन और मोहर्रम का त्योहार

ऊंचाहार, रायबरेली। भगवान शिव को समर्पित सावन और हजरत की स्मृतियों को समर्पित मोहर्रम महीना एक साथ संपन्न होंगे। दोनों महीना हमें प्यार, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देते हैं। दोनों समुदाय के लोग मिल जुलकर अपनी अपनी धार्मिक परंपराओं को मनाएं। सौहार्द बिगड़ा तो प्रशासन काफी कड़ी कार्रवाई करेगा। यह विचार रविवार को ऊंचाहार कोतवाली में आयोजित दोनो समुदाय की बैठक में लोगों से कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कटुता को पी जाने की प्रेरणा भगवान शिव से मिलती है। उन्होंने लोक मंगल के लिए सारा विष पी लिया था। सावन का महीना हमे भगवान शिव की इसी प्रेरणा की जीवंत रखने की देता है कि हम सारा द्वेष मिटाकर अपने अंदर प्रेम पैदा करें। इसी प्रकार हजरत इमाम हुसैन की याद का महीना मुहर्रम बड़े त्याग की याद दिलाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान नरेंद्र यादव, ओम प्रकाश साहू, जितेंद्र द्विवेदी, केके तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि विजय शुक्ल बाबा, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता, मेंहदी हसन, साजू नकवी आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव
- प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे, ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक
- आगे और तेज प्रगति की जरूरत, संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभूदयाल वाजपेयी

अमृत विचार: अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी विश्वसनीयता और उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालने से सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है। डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। अमृत विचार

सेवा व समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सरकुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभूदयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिया।

अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाटी, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सरकुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सरकुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सरकुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होता है प्रधान : पुष्पेंद्र सिंह

भागीरथी गेस्ट हाउस में पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह आयोजित

संवाददाता, डलमऊ

रायबरेली, अमृत विचार। प्रधान गांव के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी अपना अग्रणी योगदान निभाता है। किसी भी क्षेत्र का विकास पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी सामंजस्य पर निर्भर करता है। अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में 24 घंटे खड़े रहने वाले ग्राम प्रधान को आज भी प्रशासनिक स्तर पर वह सम्मान नहीं मिल पाया है, जिसका वह हकदार हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान में आयोजित यह समारोह सराहनीय है। यह बातें ग्राम प्रधान संघ डलमऊ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने युवा समाजसेवी विकास सिंह द्वारा भागीरथी गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मौजूद प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक और सामाजिक सरोकारों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने वाले इंद्रमणि शुक्ला ने कहा कि युवा समाजसेवी विकास सिंह की सोच जन हितैषी है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर गांव में सबसे पहले हम जिस प्रधान के पास जाते हैं, मौका पड़ने पर उसी की आलोचना करने से नहीं चूकते। इसके बावजूद भी प्रधान सभी को साथ लेकर गांव की विकास में अहम भागीदारी करता है। वास्तव में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य सम्मान के हकदार हैं। विकास शर्मा और अमरेश कुमार ने भी पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन व विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक विकास सिंह ने शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक छोटे से आमंत्रण पर प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है, उसके लिए मैं सदैव ऋणी रहूंगा। विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को वह अधिकार और भागीदारी नहीं मिल पा रही है, जिसके वह हकदार हैं। जबकि यही वह कड़ी हैं जिनके माध्यम से हमें क्षेत्र और गांव की समस्याओं की जानकारी होती है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को जहां भी मेरी आवश्यकता होगी मैं सदैव खड़ा मिलूंगा। समाजसेवा और राजनीति दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। एक अच्छी समाजसेवा के लिए तमाम संसाधनों की आवश्यकता होती है। राजनीति के माध्यम से बेहतर समाज सेवा की जा सकती है। इस दौरान विकास सिंह ने मीडिया कर्मियों और विभिन्न वर्गों से आए संभ्रांत लोगों को भी सम्मानित किया।

समारोह सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान। अमृत विचार

ये हुए सम्मानित

सम्मानित होने वालों में हनुमान पासी प्रधान जोहवा नाटकी, ललित यादव खलीलपुर, नवल किशोर त्रिपाठी बेहटा, दिलीप यादव रामपुर बरारा, रामू लोधी कठगर, जितेंद्र पटेल नरसवां, राहुल राय भरसना, अनिल यादव सांडबरा, राहुल उमरामऊ, प्रमोद कुमार आमां, राम अभिलाष यादव कनहा, सधन तिवारी, रमेश कुमार पखरौली, धुन्नीलाल, माधुरी देवी, सत्येंद्र सिंह, कमलेश सिंह, अमजद अली, रमेश कुमार पखरौली, सविनम यादव शाहिद सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। संचालन युवराज सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राजन सिंह, दिनेश राठौर, धुन्ना सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

लालगंज, रायबरेली। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र के लोगों से रूबरू हुए और विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखा। मोदी ने रोहित शर्मा की टीम इंडिया के विश्व कप जीतकर इतिहास रचने पर उन्हें बधाई दी। आगामी ओलंपिक के भारतीय दल को भी अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। लोकसभा चुनाव में भाग लेने वाले 65 करोड़ मतदाता और चुनाव आयोग के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का जनता से आह्वान किया। बनबासी लोगों को भी याद करते हुए कहा कि वनवासियों ने स्वतंत्रता की लड़ाई में अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया था। ऐहार में आयोजित मन की बात कार्यक्रम के उपरांत भाजपा विस संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बूथ स्तर से मतदाता की कद्र करती है। किसी भी जीत का श्रेय पार्टी अपने बूथ कार्यकर्ता को देती है। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1975 में संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने सुशील शुक्ला को एक रेडियो भी गिफ्ट किया। इस अवसर पर विकास तिवारी पिंकू, उमेश सिंह, आयुष त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी, बलवंत लोधी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार अनियंत्रित होकर शिवगढ़ रजबहा में गिरी

500 मीटर तक पानी में बहती चली गई कार, गेट कूदकर भागे दोनों युवक

संवाददाता, शिवगढ़

रायबरेली। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार नियंत्रित होकर शिवगढ़ राजबहा में चली गई। जो उलटते पलटते हुए करीब 500 मीटर तक पानी के साथ बहती चली गई। जिसे ट्रैक्टर एवं जेसीबी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बाहर निकला गया।

जानकारी के मुताबिक 2 युवक नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी से भवानीगढ़ की ओर आ रहे थे तभी बेड़ारु में पुल के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर शिवगढ़ रजबहा में चली गई गनीमत रही कि कार सवार दोनों युवक कार शिवगढ़ रजबहा में जाती देख गेट खोलकर बाहर कूद गये वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

- जबहा में डौला न होने के चलते हो चुके हैं कई हादसे

कार पानी में जाने के बाद उलटते पलटते हुए करीब 500 मीटर तक पानी में बहती चली गई। पूरे मुराईन मजरे बेड़ारु के पास कार पुल के किनारे गड़े बांस के खूंटों में फंसने पर ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर और जेसीबी से मशक्कत के बाद किसी तरह कार को बाहर निकाला जा सका।

ग्रामीणों ने बताया कि रजबहा में पानी का तेज बहाल व रात होने के कारण रजबहा में उतरने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। हालांकि ईश्वर का शुक्र था कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

जेसीबी से कार को बाहर निकालते लोग। अमृत विचार

मौत को दावत दे रहा डौला विहीन शिवगढ़ रजबहा

सिंचाई विभाग की लापरवाही से शिवगढ़ रजबहा की सर्विस पटरी पिछले कई वर्षों से डौला विहीन है। जिसके चलते जहां पिछले वर्ष कुर्मी पालिया गांव के पास डॉक्टर की कार शिवगढ़ रजबहा में चली गई थी जिसमें चिकित्सक सहित कई स्वास्थ्य कर्मी कार में फंस गए थे। हालांकि घटना दिन की होने के चलते ग्रामीणों ने कर सवार सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। वहीं 2 वर्ष पहले बेड़ारु पुल के पास बैंती गांव का रहने वाला एक युवक बाइक सहित रजबहा में चला गया था जिसकी लाश 500 मीटर दूर रजबहा में मिली थी, विडम्बना है कि रजबहा की सफाई के नाम पर हर साल खेल करने वाला सिंचाई विभाग दुर्घटनाओं से सबक लेने के बजाय किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। जिसको लेकर लोगों में सिंचाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

मानसून अभी तुम्हारा बरसना बाकी है

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जमीन जल चुकी है आसमान बाकी है, सूखे कुएं तुम्हारा इम्तहान बाकी है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून सक्रिय हो चुका है। किन्तु रायबरेली में रिमझिम फुहारों से अधिक पानी नहीं बरसा है। इतनी कम बारिश से न तो किसानों की समस्याएं दूर हो रही हैं और न ही सूखे नदी तालाब और पोखर भी त्रप्त हो रहे हैं। थोड़ी बहुत बारिश जलते हुये तवे पर छन्न से होकर समाप्त हो गई। गर्मी से परेशान लोगों को भले ही गर्मी थोड़ी राहत मिल गई हो, किन्तु खेती-किसानी की प्यास बुझाने के लिये अभी यह बारिश अपर्याप्त है। जून माह की शुरुआत से ही किसान धान की बेढ़ तैयार करने के लिये आकाश की ओर नजरें गड़ाए हुये हैं। इन्द्र देवता की अभी तक कृपा नहीं हुई है। पोखर तालाब नहरें सभी सूखे पड़े हैं। पानी के बिना धान की पौध तैयार करने का कार्य भी पिछड़ता जा रहा है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की रेखाएं नजर आने लगी हैं। किसान संतू ने कहा कि धान की पौध तैयार करने के लिधे पानी की सख्त जरूरत होती है। ऐसे में अगर बरसात में देरी हुई तो धान की रोपाई पिछड़ जाएगी। किसान रमेश कुमार ने कहा धान की बेढ़न तैयार करने में उनके सामने सबसे बड़ी पानी की समस्या उत्पन्न होती है।

डीएम ने व्यापारियों को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर "व्यापारी कल्याण दिवस" व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान व्यापारी परिवार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में जिले के व्यापारियों अतुल कुमार गुप्ता, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, प्रभाकर गुप्ता, प्रियंका अवस्थी, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अवतार सिंह छाबड़ा, महेंद्र अग्रवाल, लघु उद्योग भारती से सुरेश गुप्ता, आस्था इंडस्ट्रीज श्रीनिवास ऑयल मिल, सोनू अग्रवाल को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा की टीम के द्वारा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देकर व्यापारी कल्याण दिवस की बधाई दी गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी, महिला प्रकोष्ठ की जिला प्रभारी गीता सिंह, जिलाध्यक्ष राजकुमारी सिंह, महामंत्री विमलेश मिश्रा, रेखा सिंह, आलोक सिंह, अनिल लोहिया, अंजनी गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, हिमांशु रस्तोगी, सोना सिंह, हरभजन सिंह छाबड़ा, राज नारायण अग्रहरि, सोनू वर्मा, राकेश अग्रहरी, चंद्र प्रकाश गुप्ता, ओमिक सोनी, विजय पाल, रिंकू जायसवाल, मनोज मिश्रा, वीके रावत, शिखर श्रीवास्तव, पंकज साहू, ऊषा किरन सिंह, प्रिंशू, ओम प्रकाश साहू, राजेश कुमार मिश्रा, पन्नालाल उपस्थित रहे। संचालन डिप्टी कमिश्नर राज्य कर मनीष श्रीवास्तव ने किया।

डीएम व एडीएम प्रशासन को प्रतीक चिन्ह देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

12 ज्योतिर्लिंगों की पदयात्रा पर निकले तीर्थ यात्रियों का स्वागत

संवाददाता, लालगंज

रायबरेली। सनातन धर्म और देश की समृद्धि के लिए पदयात्रा पर निकले तीर्थ यात्रियों का लालगंज पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने उन्हें मिष्ठान और अन्य सामग्री भेंट किया। अपनी पदयात्रा के बाबत जानकारी देते हुए तीर्थ यात्री राजवीर सिंह और रवी सिंह ने बताया कि वे लोग 30 अप्रैल को अपने शहर बाकानेर गुजरात से 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए निकले थे। तब से बराबर पदयात्रा कर रहे हैं। इस मध्य राजस्थान के टेकरी हनुमान, श्री बालाजी महाराज, दौसा में अष्टमुखी मंदिर और मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा भी किया है। मथुरा के बाद अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम के दर्शन उपरांत अब हम लोग पवित्र धाम चित्रकूट जा रहे हैं।

वहां पर परिक्रमा करेंगे। उसके बाद बागेश्वर धाम पहुंचकर वहां भी दर्शन पूजन करेंगे। इसी तरह आगे पवित्र धामों के दर्शन पूजन करते हुए 12 ज्योतिर्लिंगों चार धाम की यात्रा के बाद वापस अपने घर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा करीब दो वर्ष चलेगी।

निर्धन साहू समाज के बच्चों को मिलेगी फ्री शिक्षा : शशिकांत शर्मा

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। जिलाध्यक्ष केके साहू के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों मेधावी छात्र एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रामचंद्र साहू व विशिष्ट अतिथि समाज सेवी बालकृष्ण साहू रहे।

शिक्षाविद अतिथि न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल के संस्थापक डा शशिकांत शर्मा ने सम्मेलन के दौरान हजारों की भीड़ में घोषणा किया कि वह साहू समाज के आर्थिक रूप से कमजोर भाइयों के बच्चों को फ्री शिक्षा देने का काम करेंगे। जिला महासचिव डा संजीव गुप्ता ने कहा कि समाज के गरीब वंचित भाइयों की हर संभव मदद की जाएगी। सम्मेलन में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हौसला प्रसाद साहू, अतुल गुप्ता, दयाशंकर साहू, सतीश साहू, आरडी साहू, रामनरेश साहू, नगर अध्यक्ष अमित साहू, नगर महामंत्री राजा साहू, मनोज साहू, नीरज साहू, विसुन साहू, महेश साहू, शैलेंद्र साहू, अंकित साहू, शिवम साहू, दिनेश साहू, रोहित साहू, शिव भोला साहू, विजय साहू, सत्य नारायण साहू, दिलीप साहू, आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किये गये छात्र। अमृत विचार

नगर को स्वच्छ बनाना पहली प्राथमिकता : सरिता गुप्ता

संवाददात, लालगंज

रायबरेली। नगर पंचायत लालगंज सीमान्तर्गत नालो की बेहतर साफ-सफाई के लिये क्रय नवीन मिनी पोकलैंड मशीन का नगर पंचायत सरिता गुप्ता व राजभान शुक्ला अधिशासी अधिकारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया।

अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना मेरी शीर्ष प्राथमिकताओं में है जिसके लिए जो भी आवश्यक कार्य होंगे वें सभी कार्य अवश्य किये जाते रहेंगे। अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने कहा कि नई पोकलैंड मशीन आ जाने से सफाई व्यवस्था में चार चांद लग जाएंगे। मशीन से नालों की सफाई जल्द हो जाएगी। दीपेंद्र कुमार गुप्ता ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, शिव शंकर मिश्रा, वीरेंद्र यादव, अंकुश धानुक एवं सम्मानित सभासद अतुल कुमार शर्मा, रवीद्र सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

नई पोकलैंड मशीन को सफाई के लिए रवाना करतीं अध्यक्ष सरिता गुप्ता।

ईश्वर निराकार व सर्वव्यापी है

संवाददाता, जगतपुर

रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए महात्मा रामकुमार वर्मा ने कहा कि सतगुरु की कृपा जब जीवन में होती है, तभी जीवन से भ्रम दूर होते हैं। युगो युगो से आत्मा जो शरीर रूपी बंधन से बंधी है। बार-बार भ्रमण के कारण जन्म मरण के फेर में पड़ी रहती है।

एक इंसान जो आत्म स्वरूप होते हुए खुद को शरीर मन बैठता है। एक भ्रम के कारण अपने मन में कितनी कितनी दीवारें बना लेता है। ऊंच-नीच, जात-पात, छोटे बड़े, अमीरी गरीबी के भेदभाव दीवारों के साथ जीवन जीता है। संत महापुरुष हमेशा से आत्म कल्याण का ही रास्ता अपनाते हैं। समाज को आत्म कल्याण के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते हैं। ईश्वर निराकार है। घट-घट वासी है, सर्वव्यापी है, सर्वज्ञ है। इसे सद्गुरु की कृपा से जाना जा सकता है। इस मौके पर संजय सिंह, बसंत सिंह, हरिवंश लाल, मोहन वर्मा, श्यामलाल, शिव मूर्ति, रामस्वरूप, बाबूलाल, राजवती, रामकली आदि मौजूद रहे।

संत निरंकारी सत्संग भवन में मौजूद भक्त। अमृत विचार

एक नजर

55 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने रविवार को 55 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। पुलिस ने 15 वारंटी व 11 वांछितों को गिरफ्तार किया।

तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कुर्सी पुलिस ने अमरसण्डा निवासी रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। रविवार को असन्द्रा पुलिस ने थाना क्षेत्र रामसनेही घाट के ग्राम मोहम्मदपुर निवासी रायसिंह यादव एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर पुलिस ने किस्मत अली, कलीम, मो. जावेद को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ताश की एक गड्डी व 1690 रूपये बरामद किये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

घर से बाजार के लिए निकली किशोरी लापता

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : शनिवार की देर शाम घर से बाजार के लिए निकली 15 वर्षीया किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। परिजनों ने बताया कि पूरा परिवार फेरी लगाकर गांव में कपड़े बेचने का काम करता है। बताया कि पुत्री घर से जरूरी काम बताकर बाजार के लिए निकली थी, लेकिन लौटी नहीं। उसका मोबाइल भी बंद मिला।

अनियंत्रित डीसीएम की टक्कर से पिकअप चालक की मौत

लखनऊ-बहराइच हाईवे पर चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास हुआ हादसा

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-बहराइच हाईवे पर चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास शनिवार की देर रात बहराइच की ओर से आ रही डीसीएम ने सामने से आ रही पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप गाड़ी का इंजन केबिन में घुस गया। पिकअप चालक ननकू पुत्र मोल्हे निवासी नगर कोतवाली बहराइच की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पुलिस काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाल सकी। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

वहीं हादसे के बाद रोड पर दोनों तरफ कई किमीलंबा जाम लग गया। सूचना पाते ही पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडे ने पुलिस टीम के साथ एक तरफ से गाड़ियों को पास कराना शुरू किया। फिर भी हाइवे पर जाम बढ़ता ही रहा। निकट के मरकामऊ मार्ग के बंद होने के कारण बाईं ओर मार्ग परिवर्तन संभव नहीं हो पाया, तो दाहिनी ओर पुराने गणेशपुर मोड़ मार्ग से सवारी गाड़ियों को निकाला गया। पूरी रात रामनगर पुलिस घाघरा घाट पुल से नचना बांध तक मशक्कत करती रही। कड़ी मशक्त के बाद सुबह पांच बजे स्थिति सामान्य हुई।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई पिकअप।

बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला अचानक चलती मोटरसाइकिल से नीचे गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गई। 108 एम्बुलेंस से हैदरगढ़ सीएचसी पर पहुंचायी गई 45 वर्षीय महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हेड इंजरी के कारण ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। अयोध्या के मवई निवासी जमील अहमद की 45 वर्षीय पत्नी अफसाना दो दिन पहले अमेठी जिले के थाना शुक्ल बाजार के सत्थिन गांव स्थित अपनी बेटी से मिलने उसकी ससुराल आई हुई थी। रविवार शाम लगभग 4 बजे वह अपने दामाद शेर मोहम्मद के छोटे भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी सुबेहा की मेंन मार्केट में अचानक बाइक से गिरकर घायल हो गई।

वैन पर पेड़ गिरने से पांच जायरीन घायल

पेड गिरने से क्षतिग्रस्त हुई वैन। अमृत विचार

देवा, बाराबंकीः अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बा देवा से जियारत करके वापस लौट रहे जायरीनों की वैन पर पेड़ गिर जाने से उसमें सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं पेड़ गिरने से देवा -बाराबंकी मार्ग पर घंटों जाम लग रहा।

लखनऊ कुछ जायरीन सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर जियारत करने के बाद रविवार को वैन से वापस लौट रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे देवा-बाराबंकी मार्ग पर पल्टा गांव के पास वैन के ऊपर पेड़ गिर गया। कार में सवार करीब आधा दर्जन लोग दब गए। सूचना मिलने पर देवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य चालू किया और मारुति के शीशे तोड़कर उसमें दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें घायल नूरजहां (60), रुखसार (20), जियान (5), अफसरजहां (35) निवासी सरोजनी नगर अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ और वैन चालक त्रिभुवन (30) निवासी बसंतखेड़ा लखनऊ आदि घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा में भर्ती कराया गया। सबकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मार्ग पर पेड़ गिरने से देवा बाराबंकी मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। वन विभाग व पुलिस ने जाम खुलवाया।

जमुरिया नाले की सफाई में आयी तेजी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रशासन ने जमुरिया नाले के साथ ही रेठ नदी को उसके मूल स्वरूप दिलाने की मुहिम को तेज कर दिया। रेठ नदी के पास मानक विरुद्ध बनाए गये भवनों का चिह्नांकन पहले ही किया जा चुका है। रविवार को एसडीएम सदर बिजय कुमार त्रिवेदी, सीओ नगर जगतराम कनौजिया ने सुबह करीब साढ़े दस बजे पटेल तिराहे पर चल रहे काम का जायजा लिया। रविवार को छाया पुल से लेकर आवास विकास तक जगह जगह सफाई अभियान चला। लेकिन सबसे ज्यादा तेज काम पटेल तिराहे के आस पास के जमुरिया नाले के क्षेत्र में हुआ। इस दौरान पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की टुकडियां किसी भी तरह की अराजकता से निपटने के लिए लगाई गई थी। सोमवार को पटेल तिराहे के बचे हिस्से और उससे आगे की सफाई और अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जायेगा। एसडीएम विजय त्रिवेदी का कहना है प्रशासन की मंशा स्पष्ट है। जमुरिया नाले और रेठ नदी के मूल स्वरूप में लौटाकर ही बाढ़ से हो रही जन और धन हानि को बचाया जा सकेगा।

मौके पर स्थिति का जायजा लेते एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

मनरेगा से कराए कार्यों की जांच की मांग

सतरिख, बाराबंकीः अमृत विचार : विकासखंड हरख की ग्राम पंचायत शरीफाबाद में मनरेगा से कराए गए कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी से टीम बनाकर विभिन्न कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की गई है।भारतीय किसान यूनियन के नेता आरपी वर्मा का आरोप है कि शरीफाबाद ग्राम पंचायत में मनरेगा से कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गई हैं। कुछ कार्य ऐसे भी हैं जो गावों में कराये ही नहीं गए और उसकी धनराशि का भुगतान भी करा लिया गया। आरोप है कि बिना काम के मस्टर रोल जारी करा लिया जाता है, जबकि श्रमिक कार्यों में नहीं लगाए जाते हैं। बिना कार्यों के उनका भुगतान भी करा लिया गया है। मनरेगा के कार्यों की ग्राम प्रधान को ठीक से जानकारी तक नहीं होती।

पहली ही बारिश में घघसी में हुआ जलभराव

बारिश में जर्जर हुआ खड़ंजा।

नाली टूटने से जलभराव।

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड फतहेपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत घघसी में पहली बारिश में ही ग्रामीणों को जलभराव का सामना करना पड़ा। लोगों के मुताबिक इकबाल के घर से नसीम राइन के घर तक लगा खड़ंजा जर्जर हो चुका है और नाली भी टूट गयी है जिसके कारण पहली ही बारिश में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। मामूली बारिश में ही इस रास्ते पर निकलना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने बताया कि इस समस्या के संबंध में कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया जा चुका है लेकिन वह ध्यान नहीं दे रहे हैं।

पुलिसकर्मी पढ़ रहे नये कानून का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पूरे देश में आईपीसी और सीआरपीसी की जगह पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (डीएनए), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के बारे में पुलिस के जवानों व अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए पुलिस लाइन के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाई जा रही ऐसी कार्यशाला में 25 जून से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। एसपी दिनेश कुमार सिंह का उद्देश्य यह है कि सभी पुलिसकर्मियों व अधिकारियों को नए कानून की जल्द से जल्द जानकारी हो सके। रविवार को हुई कार्यशाला में एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

> पुलिस अधिकरियों, इंस्पेक्टरों और सब-इंस्पेक्टरों की ऑनलाइन और ऑफलाइन ट्रेनिंग चल रही हैं। सभी पुलिसकर्मी जल्द ही नये कानूनों के साथ व्यावहारिक हो जाएंगे।
>
> -चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक

भाकियू कार्यकर्ता करेंगे थाने का घेराव

सतरिख, बाराबंकीः अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सतरिख पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री के अलावा अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर थाने का घेराव करने की चेतावनी दी है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बंकी ब्लॉक अध्यक्ष रामानंद वर्मा का आरोप है कि सतरिख पुलिस फरियादियों को ही परेशान कर रही है। मामला चाहे लोधपुरवा गांव में घूर गड्ढे की जमीन पर कब्जा दिलाने का हो या फिर हरे पेड़ों की कटान का, पुलिस का रवैया पीड़ितों को ही परेशान करने का रहा है। भाकियू ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के अलावा सतरिख थाने भेजा है।

रंजिश में लिखाया था लूट का झूठा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बिजली का पोल व केबिल को हटाने को लेकर उपजे विवाद व मारपीट को लेकर साजिश के तहत झूठा मुकदमा लिखाने के आरोपी थाना क्षेत्र रामनगर के तारापुर गुमान निवासी विजय प्रकाश मिश्रा के खिलाफ रविवार को बदोसराय थाने में विधिक कार्रवाई की गई।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के तारापुर गुमान का है। विजय प्रकाश मिश्रा ने बदोसराय थाने में तहरीर देकर बताया कि वह पत्नी के साथ मोपेड से मरकामऊ बैंक आफ इंडिया शाखा से लभग डेढ़ बजे 50 हजार रुपये निकालकर घर लौट रहा था। इसी बीच रानीगंज मार्ग पर मुर्गी फार्म के आगे ग्राम मधवापुर के पास पीछे से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार दो अनजान व्यक्ति उनकी पत्नी के हाथ से रुपयों का बैग छीनकर रानीगंज बाजार की तरफ भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को पुलिस जांच में मामला झूठा निकला। विजय प्रकाश ने रंजिश में विपक्षी वीरेंद्र सिंह की मोटर साइकिल का नंबर देकर विपक्षी को पुलिस के जाल में फंसाने के लिए झूठी लूट की कहानी रच घटना में फसाने की फिराक में था।

सार-संक्षेप

श्रावण मेले को लेकर हुई बैठक

बैठक करते पुजारी व अन्य। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : अवसानेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास मेले की व्यवस्था को ध्यान में रखकर मंदिर समिति कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अध्यक्ष संजय गिरि, राम गोपाल, विनोद गिरि, राकेश, विजय, राम कृष्ण, शुभम, नीरज और हरिप्रकाश गिरि सहित गोस्वामी परिवार के अन्य पुजारी उपस्थित रहे। बैठक में स्नान घाट पर श्रृद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा हेतु बैरिकेडिंग, बैरियर, प्रवेश एवं निकास द्वार की सुरक्षा, मेला परिक्षेत्र, सुलभ शौचालय की सफाई, पेयजल आपूर्ति तथा प्रकाश व्यवस्था पर पारस्परिक सुझावों का आदान-प्रदान हुआ।

कलेक्ट्रेट में हुआ विदाई समारोह

सेवानिवृत्त कर्मचीरियों को सम्मानित करते एडीएम। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में रूद्र प्रताप सिह, प्रशासनिक अधिकारी एवं नन्द किशोर, वरिष्ठ सहायक के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) डॉ. अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक से विशेष सचिव के पद से सेवानिवृत्त देव प्रताप सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ एसपी दिनेश कुमार सिंह।

बाराबंकी : अमृत विचार : सेवानिवृत्त हुए नौ पुलिसकर्मियों का रविवार को सम्मान पूर्वक विदाई समारोह पुलिस लाइंस सभागार में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित किया गया। इस मौके पर एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक लिपिक राकेश कुमार श्रीवास्तव, निरीक्षक प्रेमचंद्र मिश्र, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार शाही, उप निरीक्षक रूक मंगल सिंह, उप निरीक्षक रमेश चंद्र तिवारी, मुख्य आरक्षी श्रीराम, देवेंद्र कुमार मलिक, महिला आरक्षी गीता तिवारी व अनुचर बदलू प्रसाद को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी।

बाइक सवार पांच लोग घायल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार : हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के औसानेश्वर-बारा मार्ग पर रविवार सुबह करीब 11 बजे रौनी गांव के पास बाइक पलटने से उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। राजाकोट मजरे रौनी निवासी सूरज (20) गांव की ही रेशमा (25), कीर्ति (10 माह), रानी (26) और सोनम (4) को बाइक से लेकर त्रिवेदीगंज जा रहा था। जहां रौनी गांव के पास बाइक असंतलित होकर पलट गई। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। से रेशमा को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मजदूर गुजरात से लापता अनहोनी की आशंका

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : मजदूरी करने गुजरात गया एक मजदूर फैक्ट्री से लापता हो गया है। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सतरिख थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी फकीर मोहम्मद (40) पुत्र गुलजार अहमद गांव के ही अपने दो दोस्तों राना व अमित उर्फ छोटू के साथ बीते 8 जून को गुजरात के जिला सूरत में कुरुद्राडा थाना क्षेत्र के तातीथया स्थिति दुर्गा फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए गया था। वहां पर करीब तीन दिन तक काम भी किया। उसके बाद परिवार के लोगो से संपर्क नहीं हो सका। घबराए पिता सूरत पहुंच गए और वहां पर उसके दोस्तों से अपने बेटे के बारे में जानकारी हासिल की, तो उन लोगों ने उसके घर वापस जाने की बात बताई। फैक्ट्री पहुंचकर जानकारी करने की कोशिश की तो गार्ड ने भगा दिया। पिता ने बताया कि 8 जून को उनका बेटा घर से गया। तीन दिन उसे पहुंचने में लगे और तीन दिन काम किया। उसके बाद उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। न ही अभी तक वह घर ही पंहुचा।

फकीर मोहम्मद।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

बाराबंकी: अमृत विचार : दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला टिकैतनगर क्षेत्र से जुड़ा है। यहां के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में भुड़वा निवासी आरोपी कृष्ण कुमार न के खिलाफ 3 सितंबर 2015 में तहरीर देकर दरियाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक थाना प्रभारी रत्नेश सिंह द्वारा विवेचना के बाद वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने अभियुक्त कृष्ण कुमार को 10 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

बजरंग दल ने लगाया चिकित्सा शिविर

सेवा शिविर में इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को सुढियामऊ में चिकित्सा सेवा शिविर लगाया गया। विहिप के विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश ने फीता काटकर चिकित्सा सेवा शिविर का उद्घाटन किया।

विभाग मंत्री डा. राजेंद्र प्रसाद दुबे व डॉ. संदीप कुमार पाल, रूबी रावत ने मरीजों को परामर्श एवं चिकित्सा उपलब्ध कराई। जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा, जिला सह संयोजक विनय कुमार वर्मा, रामनगर प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा, सूरतगंज प्रखंड मंत्री मनीष कनौजिया, रंजीत, आरती, विद्यावती, ओमकार, शंकर और रमन आदि उपस्थित रहे।

मनमानी | तीरगांव के पास पिछले कई दिनों से चल रहा है खनन

बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहे हैं डंपर

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : क्षेत्र के तीरगांव के पास खनन का कार्य कई दिनों से चल रहा है। नियमों को दरकिनार करते हुए खनन रात दिन किया जा रहा है। खनन में लगे बिना नंबर के डंपर रात-दिन बीच दौड़ रहे हैं। इतना ही जिन डंफरो से खनन किया जा रहा है उसमें नगर निगम लखनऊ और जय भोले लिखा हुआ है। अधिकांश डंपरों से नंबर प्लेट तक गायब हो चुकी है। बीते दिनों रात में खनन की शिकायत पर एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम खनन स्थल पर जांच पड़ताल करके रात में खनन न करने की चेतावनी दी गई थी। साथ ही राजस्व टीम द्वारा क्षेत्रीय पुलिस को भी रात में खनन होने से अवगत कराया गया था। उसके बावजूद डंपर रात दिन चल रहे हैं। जबकि यह डंफर मिट्टी लादकर थाने के सामने से ही गुज़र रहे हैं। उसके बाद भी पुलिस और राजस्व विभाग को भनक तक नहीं लग रही। करीब एक सप्ताह पहले ही बिना नंबर के डंफर ने एक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी थी।

बिना नंबर प्लेट के डंपर।

> खनन करने वालों को सख्त आदेश दिए गए हैं कि निमानुसार ही कार्य करें। यदि रात में खनन किया जा रहा है तो मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अमर कुमार चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक, थाना सतरिख

> रात में खनन होने कि सूचना पर राजस्व टीम द्वारा जांच की गई और ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गई थी कि रात में खनन होते हुए मिला तो कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में अगर नियम विरुद्ध रात में खनन होता पाया गया तो एक्शन लिया जाएगा।
>
> -विवेक यादव, लेखपाल

> बिना नंबर प्लेट के भारी वाहन सड़कों पर चलाना अपराध की श्रेणी में आता है। यदि ऐसा हो रहा है तो प्रवर्तन टीम को मौके पर भेज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अंकिता शुक्ला, एआरटीओ

पैदल हज यात्रा पर निकले सुल्तान बेग का स्वागत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : बिहार के जिला मोतिहारी के सुगौली नगर निवासी 26 वर्षीय सुल्तान बेग पुत्र रफुल आजम बेग अपने घर से 31 मई को पैदल मक्का-मदीना में हज करने अकेले निकले थे। रविवार को सुल्तान का स्वागत कोटवा सड़क कस्बे में सुन्नी जमा के इमाम अब्दुल कादिर एवं मस्जिद के खजांची मोहम्मद अफजाल अहमद ने स्वागत किया। सुल्तान ने बताया कि बाघा बार्डर पहुंचने पर पाकिस्तान, ईरान, ईराक और कुवैत होते हुए सऊदी अरब लगभग दस माह में पहुंचेगा।

हज यात्री का स्वागत करते लोग।

एक नजर

नेटवर्क आपूर्ति बहाल

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : बिजली गिरने के कारण टावर में लगे पावर प्लांट और बैटरी बैंक क्षतिग्रस्त हो गए थे। फिलहाल इंजीनियर ने नेटवर्क आपूर्ति को अन्य विकल्प से बहाल कर दिया है। शहर के फतेहाबाद स्थिति एक निजी कंपनी का टावर लगा हुआ है। चार दिन पूर्व आकाशीय बिजली गिरने के कारण टावर में लगे पावर प्लांट और बैटरी बैंक क्षतिग्रस्त हो गए थे।

30 किलो पोस्ता छिलका के साथ तीन गिरफ्तार

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार : पुलिस ने गश्त के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बोरियों में 30 किलो पोस्ता छिलका बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई मे पुलिस ने पड़री के निकट सुरवा कुटी तिराहे के पास से कोठी थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रसाद, धर्मेंद्र, रामानंद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बोरी में 30 किलो पोस्ता छिलका बरामद किया।

पति-पत्नी और पुत्र ने महिला को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : लालूपुर में मामूली विवाद में एक परिवार ने एक महिला को पीट दिया। अंजनी पुत्री स्व. श्रीप्रकाश तिवारी ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया कि पड़ोसी सुमन अपने पुत्र के साथ सबमर्सिबल पंप से पानी निकाल कर उसके घर के दरवाजे के पास बहा रही थी। मना करने पर पति माया राम और बेटे के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी।

करंट से संविदाकर्मी झुलसा

फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : एलटी लाइन पर केबिल जोड़ रहा संविदा कर्मी करंट लगने से झुलस कर नीचे आ गिरा। उसे सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया गया, जहां पर उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मसूदपुर वतिया निवासी अमित कुमार उर्फ ज्ञान पावर हाउस में संविदा कर्मी है। शनिवार की रात लगभग 9 बजे बन्नी रोशनपुर में एलटी लाइन में केबिल जोड़ रहा था इसी बीच करंट लगने से वह झुलसकर नीचे गिर पड़ा। अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि जिस लाइन का शटडाउन लिया था उसकी बजाय दूसरी लाइन पर चढ़ने से उसे करंट लग गया।

10 किसानों को मिला केसीसी ऋण

रुपईडीह, अमृत विचार : इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर ने पिछले एक सप्ताह में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दस किसानों को सात लाख पचास हजार रुपए का ऋण वितरण किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया अन्य किसानों की पत्रावलियों की जांच की जा रही है।

प्रशासक बन छह माह में किया 13.80 करोड़ का भुगतान, दबी थी जांच

मचा हड़कंप

- पंचायत चुनाव के दौरान एडीओ बने थे प्रशासक
- वित्तीय अनियमितताओं की आशंका, अब होगी जांच,

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : ढाई वर्ष पहले हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त हुए प्रशासकों द्वारा छह माह के अंदर ग्राम निधि से करीब 13 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक का भुगतान विकास कार्यों पर खर्च को लेकर फर्मों को किया था। इस बीच भारी-भरकम धनराशि खर्च होने में वित्तीय अनियमितताएं होने की संभावना जताई गई है। इसे लेकर पंचायती राज निदेशक के निर्देश पर संबंधित ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर संबंधितों में हड़कंप मच गया है। पंचायत चुनाव के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित ब्लॉक के एडीओ पंचायत को ही प्रशासक के रुप में नियुक्त किया गया था। दो माह पहले अप्रैल में निदेशक ने पत्र भेज दिए थे जांच के आदेश लेकिन जिम्मेदारों द्वारा लोकसभा चुनाव का बहाना बताकर जांच नहीं की गई। अब दोबारा जांच के आदेश दिए गए हैं।

जिले में 15 ब्लॉकों पर उस समय 1161 ग्राम पंचायतें थी। इन सभी ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021 में दिसंबर माह में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो गया था। जिसे लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रधानों का चुनाव कराने तक जिलाधिकारी द्वारा एडीओ पंचायत को इस उद्देश्य से बतौर प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया था कि गांव के विकास कार्य या ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में दिक्कतें न हो सके।

चुनाव काफी देरी से कराए गए थे। इस बीच छह के लिए एडीओ प्रशासक बने रहे थे। गौर करने वाली बात यह रही कि इन प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर 2021 से लेकर मई 2022 तक यानी छह माह के भीतर ग्राम निधि के खाते से 13 करोड़ 80 लाख 97 हजार 531 रुपये की धनराशि खर्च कर डाली थी। यह भारी-भरकम धनराशि विकास कार्यों को लेकर फर्मों को करने की बात कही गई थी। बताते चले कि 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए थे और 25 मई को शपथ दिलाई गई थी। इस बीच यह धनराशि 20 दिनों के अंदर खर्च कर फर्मों को भुगतान करने का मामला सामने आया था। ऐसे में बीस दिनों के अंदर फर्मों को भारी-भरकम धनराशि का भुगतान करने में वित्तीय अनियमितताएं होने की आशंका जताई गई थी। यह वजह है कि शासन ने अप्रैल माह में इसकी जांच कराने के निर्देश जारी किए थे लेकिन जिले में इसकी जांच दबाने का प्रयास किया गया था। बताया गया था कि लोकसभा चुनाव है। अब दोबारा निदेशक पंचायती राज द्वारा पंचायती राज विभाग को इस संबंध में पत्र भेजा है। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

मंडल में अमेठी और अयोध्या से ज्यादा है धनराशि

प्रशासक के तौर पर मलाई कटाने वाले तत्कालीन एडीओ पंचायतों द्वारा मंडल के अंदर अमेठी और अयोध्या जिलों से अधिक धनराशि का भुगतान कर डाला था। अमेठी जिले ने जहां 8.42 करोड़ की धनराशि खर्च की थी। वहीं अयोध्या जिले द्वारा 11.24 करोड़ रुपये का भुगतान फर्मों को किया गया था। जबकि बाराबंकी में सबसे अधिक 13 करोड़ 80 लाख का भुगतान बीस दिनों के अंदर कर डाला गया था। वहीं आंबेडकर नगर और सुल्तानपुर का नाम इस मामले में सामने नहीं आया है।

> निदेशालय से पत्र मिला है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।
> -नितेश भोंडेले, डीपीआरओ

ब्लॉकवार भुगतान पर एक नजर

बनीकोडर	1,35,83,699
बंकी	1,49,77,387
दरियाबाद	93,71,286
देवा	1,41,29,245
फतेहपुर	2,50,60,852
हरख	59,09,451
मसौली	89,74,653
निंदूरा	1,28,86,533
पूरेडलई	20,95,461
रामनगर	39,97,008
सिद्धौर	7,70,3269
सिरौलीगौसपुर	71,75,310
सूरतगंज	99,79,772
त्रिवेदीगंज	22,53,604
कुल योग	13 करोड़ 80 लाख रुपये

पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण करना जरूरी : वसीम

राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आयोजित किया गया आम महोत्सव

आम महोत्सव में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते मो. उमैर किदवई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : धरती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका एकमात्र कारण पेड़-पौधों की कटाई है। यदि समय रहते पेड़-पौधों का संरक्षण नहीं किया गया तो संतुलन बिगड़ जाएगा। यह बातें तेरहवें आम महोत्सव एवं गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस सैयद वसीम अहमद ने कहीं।

रविवार को स्थानीय मुगल दरबार में स्व. राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आम महोत्सव आयोजित किया गया। प्रदर्शनी में आम की कुल 150 प्रजातियों से अधिक का प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि आम भारतीस संस्कृति से जुड़ा हुआ फल है। समित के अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने कहा कि हमारा जिला आम की विभिन्न किस्मों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। आम महोत्सव में याकूती, अंबिका, आम्रपाली, सेंसेशन, टॉमी एटकिंसन, गुलाब खास, मल्लिका, हुस्नआरा, अम्बिका, पान पराग, जाफरान, मोहन भोग, नीलम केसर, बेनजीर, आम्रपाली, लता, तोतापरी, याकूती, सुर्ख दशहरी, गुलाब खास, चौसा, नूरजहां, स्वर्ण रेखा, जौहरी सफेदा, लंगड़ा, खजुरी, लंगड़ा बनारसी, राम केवड़ा, मुमताज पसंद, मक्खन आदि विशेष प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम संयोजक जतिन चौधरी ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सिद्दीकी उर्फ शेखू, जिला बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, अलीम किदवई, अनवर महबूब किदवाई, हसमत उल्लाह, आदिल हसन, अजय सिंह गुरूजी, विनय कुमार सिंह, मिसबाह किदवई, चौधरी जावेद अहमद, हुमायूं नईम खान, दानिश किदवई, राकेश त्रिवेदी आदि थे।

महोत्सव में प्रदर्शित अलग-अलग वैरायटी के आम। अमृत विचार

अनदेखी: गहरे गड्ढे दे रहे जख्म विभाग नहीं लगा पा रहा मरहम

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचार: विकासखंड मुख्यालय से कटहा घाट होते हुए जिला मुख्यालय को जाने वाले मार्ग पर लगभग साढ़े सात किलोमीटर धर्म नगर चौराहे तक की सड़क एक दम से गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिससे आवागमन के लिए राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

इस सड़क का नवीनीकरण वर्षों से नहीं कराया गया है। जिससे सड़क पर आये दिन राहगीर गिरते रहते हैं, जबकि हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से यह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है। पूर्व में इस सड़क के नवीनीकरण के लिए क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित लोक निर्माण मंत्री एवं प्रमुख सचिव लोक निर्माण को पत्र लिखकर सड़क का नवीनीकरण कराने के लिए पत्र भेजकर मांग की थी। इस पर प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग ने अधीक्षण अभियंता गोण्डा को निर्देशित किया था।

लोक निर्माण विभाग गोंडा की ओर से विभाग को इस्टीमेट भी भेजा गया था। मगर मुख्यालय द्वारा वित्तीय स्वीकृति न मिलने से यह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। बरसात शुरू हो गयी है। जगह-जगह जलभराव हो जायेगा। क्षेत्रीय लोगों जिलाधिकारी से कार्यवाही कराने की मांग की है।

धर्मनगर जाने वाली सड़क का हाल।

कुत्तों से बचने के लिए बारहसिंघा तालाब में कूदा

निंदूरा, बाराबंकी

अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के पैगंबरपुर में जंगल से भटककर रविवार की सुबह अचानक खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने देखा कि कुत्तों का एक झुंड दौड़ते हुए बारहसिंघा को कुत्तों ने दौड़ा लिया। कुत्तों से बचने के लिए उसने तालाब में छलांग लगा दी। सूचना पर बारहसिंगा को पकड़ने पहुंची वन विभाग टीम घंटों कड़ी मशक्कत के बाद भी पकड़ नहीं सकी और बारहसिंघा लापता हो गया।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव में रविवार दोपहर पानी की तलाश में एक बारहसिंगा तालाब में पानी पीने आ गया। बारहसिंगा को देख कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया। बारहसिंगा कुत्तों से बचने के लिए घंटों इधर उधर दौड़ता रहा। जिसके बाद वह तालाब में कूद गया। बारहसिंगा को देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस बीच सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जाल लगाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन घंटों मशक्कत के बाद भी उसे पकड़ नहीं सके। बारहसिंगा वन कर्मियों को चकमा देकर निकल गया। वन दरोगा प्रशांत ने बताया कि बारहसिंघा को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह पास स्थित जंगल में चला गया है।

राज्यमंत्री करेंगे संचारी रोग अभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जनपद में वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आज संचारी रोग अभियान की शुरुआत एवं रैली की रवानगी की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम सुबह साढ़े 10 बजे से जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

विदेश में नौकरी के नाम पर रुपए हड़पने का आरोप

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर गलत वीजा देकर रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर निवासी राकेश ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि मुस्तफा, मुस्तान खान एवं राम गोपाल रावत ने उसके बेटे को दुबई के एक अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख 20 हजार रुपए ले लिया, लेकिन धोखाधड़ी करते हुए उसे टूरिस्ट वीजा थमा दिया। दुबई पहुंचने पर जब उसे पता चला तो उसने फोन करके घर पर बताया। तब हमने राम गोपाल रावत से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि 23 हजार रुपए और दे दीजिए। उसी वीजा को बढ़ा दिया जाएगा। मेरे द्वारा किसी तरह उधार लेकर 23 हजार रुपए और दिए गए। इसके बावजूद वीजा नहीं बढ़ा और उसके बेटे को एक माह बाद वापस लौटना पड़ा। उपरोक्त लोगों के द्वारा पैसा भी नहीं वापस किया जा रहा है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीएसटी के 7 वर्ष : व्यापारियों ने बताया ऐतिहासिक कदम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी ने रविवार को अपने सात साल पूरे कर लिये। इसे 2017 में लागू किया गया था। जीएसटी के अंदर 17 स्थानीय कर और शुल्क समाहित किए गए थे। इसके लागू होने के बाद आम आदमी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर टैक्स कम हो गया। जीएसटी के बाद कई रोजमर्रा की घरेलू वस्तुएं सस्ती हो गईं। इसमें आटा, टेलीविजन, डिटर्जेंट, हेयर ऑयल, साबुन आदि जैसी वस्तुएं शामिल हैं। बाराबंकी के छोटे और बड़े व्यापारियों और आम लोगों ने जीएसटी को सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे आम आदमी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर टैक्स कम हो गया है।

समय-समय पर स्लैब में होना चाहिए परिवर्तन

रॉयल रिलाइट ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विपुल सिंह ने मांग की कि सरकार जो जीएसटी का स्लैब निर्धारित करती है, उसमें समय-समय पर परिवर्तन होना चाहिए। जब खजाने में टैक्स की अच्छी रकम इकट्ठा हो जाए, तो सरकार को कर की दरों को कम करना चाहिए। जैसे जो 12 प्रतिशत के स्लैब पर है तो उसे कभी पांच प्रतिशत पर ले आएं। जो 28 प्रतिशत पर है उसे कभी 12 परसेंट स्लैब पर ले आएं।

करदाताओं की आसान हुई जिंदगी

होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर से जुड़े व्यापारी विपुल सिंह इससे गरीबों और आम आदमी के लिए महत्वपूर्ण बचत हुई। मोदी सरकार ने जीएसटी लाकर करदाताओं की जिंदगी को आसान बना दिया। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग की वस्तुएं काफी सस्ती हो गई हैं।

व्यापारी नेता रोहिताश्व दीक्षित ने कहा कि जीएसटी से टैक्स की दर में कमी आई है और जनता को सीधा फायदा हुआ है। हम लोगों के जीवन को बदलने के लिए मोदी सरकार ने को सुधार किए। उसके लिए हम उनके हमेशा ऋणी रहेंगे।

सैलून सेक्टर से जुड़े व्यापारी वैस सलमानी ने कहा कि जीएसटी के बाद घरों में उपयोग होने वाली वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है। जीएसटी ने कई आवश्यक वस्तुओं पर करों को जीएसटी से पहले की दरों की तुलना में कम कर दिया है।

सार-संक्षेप

युवक के पास से गांजा बरामद, मुकदमा दर्ज

मसकनवा, अमृत विचार : छपिया पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मसकनवा दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मसकनवा मनकापुर मार्ग पर गड़रही गांव के पास एक युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास झोले में एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान इरशाद निवासी खालेगांव चिकमंडी के रूप में हुई है। युवक के विरुद्ध छपिया थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

रेलवे ट्रैक के निकट मिला युवक का शव

कर्नलगंज, अमृत विचार : सरयू रेलवे पुल के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लावारिस लाश रेलवे ट्रैक के बीचों बीच बरामद की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि लाश को बरामद कर पीएम को भेजा गया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन से शोक की लहर

इटियाथोक, अमृत विचार : क्षेत्र के कई विद्यालयों के संस्थापक रहे अधिवक्ता रामविलास मिश्र का बीमारी के चलते निधन हो गया। यह समाचार सुनकर क्षेत्र के शिक्षकों एवं छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। ग्राम बिरमापुर के निवासी राम विलास मिश्र(85) एडवोकेट ने क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज व बाल विद्या मंदिर की स्थापना में अपना योगदान दिया था। इसके बाद आरटीएम महाविद्यालय, इंद्र कुंवरि स्मारक इंटर कॉलेज, मार्डन कान्वेंट स्कूल के संस्थापक व प्रबंधक रहे।

सरयू तट पर लोगों ने किया अनुलोम-विलोम

करनैलगंज के सरयू तट पर योग करते ग्रामीण। अमृत विचार

करनैलगंज, अमृत विचार : योग वेलनेस सेंटर पाल्हापुर की तरफ से कटरा घाट सरयू नदी तट के किनारे बसे ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक आदर्श कुमार मिश्र ने ग्रामीणों को बदलते मौसम से होने वाले रोगों से बचने के लिए वक्रासन, उष्ट्रासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम विलोम सहित कई अन्य योगाभ्यास कराए। साथ ही योगाचार्य ने बताया कि वर्षा ऋतु में हमारी पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है इसलिए हमें हल्का-फुल्का और सुपाच्य भोजन करना चाहिए। वर्षा उष्णकटिबंधीय खाद्य पदार्थों और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पोषक तत्व प्रदान करती है। इस दौरान अजय गुप्ता, हरिहर प्रसाद, रोहित कुमार, अजीत कुमार, गौरव, संतोष, नागेश, शिवम गुप्ता उपस्थित रहे।

करें जल्दी | सिंचाई विभाग व नगर पालिका परिषद का दावा, 90 फीसदी नालों की हो चुकी है सफाई

नाला सफाई में तेजी की जरूरत, कई नालों पर उगी हैं झाड़ियां

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मौसम विभाग रोज मानसूनी बरसात का दावा कर रहा है। कभी भी तेज बरसात हो सकती है। प्रशासन के मुताबिक नाला सफाई का काम तेजी से हो रहा है। सिंचाई विभाग तथा नगर पालिका परिषद गोंडा के लोग सभी नालों के सफाई का काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं। नाला सफाई से जुड़े अधिकारियों का दावा है कि शहर क्षेत्र तथा गोंडा गिर्द के 90 फ़ीसदी से अधिक नालों की सफाई हो गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि ऐसे नाले दिख रहे हैं जिसमें सिल्ट जमी है तथा झाड़ियां भी लगी हुई हैं। ऐसे में यदि तेज बरसात होती है तो शहर के अधिकांश मोहल्लों में जलभराव की समस्या होना लाजमी है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी स्वयं के संसाधन से सड़क के किनारे के नालियों की सफाई तो कर रहे हैं, लेकिन वे नाले जो मोहल्लों के बीच में हैं वहां पर अभी पूरी तरीके से नहीं पहुंच पाए हैं। ऐसे में यदि बरसात होती है तो इसका खामियाजा मोहल्ले वासियों को उठाना पड़ेगा। सिंचाई विभाग की ओर से भी कई नालों की सफाई का दावा किया जा रहा है। डीएम आवास के सामने रानी पुरवा को जाने सड़क किनारे वाले नाले पर झाड़ियां उगी हुई हैं। अभी तक इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी है। जबकि दावा किया जा रहा है कि पिछले 15 दिन से नाले व नालियों की ही सफाई हो रही है। शहर की जल निकासी व्यवस्था के हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी व कमिश्नर भी मैदान में उतर चुके हैं। जिम्मेदार विभाग के अफसर उनको आश्वासन की घुट्टी पिला रहे हैं और आल इज वेल का दावा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने करीब एक हफ्ता पहले शहर का भ्रमण करते हुए जल निकासी व्यवस्था को सही करने का निर्देश दिया था।

गोंडा शहर में नाले के ऊपर उगीं झाड़ियां। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज परिसर में कूड़े का ढेर। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज परिसर में कूड़े का अंबार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों से निपटने के लिए कार्य योजना बनाकर पूरे जिले के गांव में जाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। ग्रामीणों को साफ सफाई रखने की नसीहत दी जा रही है। लेकिन मेडिकल कॉलेज के पीछे खुद कूड़ा फेंक कर संचारी रोग अभियान की धज्जियां स्वास्थ्य विभाग उड़ाने में जुटा हुआ है। संचारी रोग से निपटने के लिए पिछले पखवाड़े से ही स्वास्थ्य विभाग में बैठकों का आयोजन हो रहा है। रोगों से लोगों को बचाने के लिए दर्जन से अधिक विभागों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। लेकिन जिला अस्पताल जो अब मेडिकल कॉलेज का रूप ले चुका है। पीछे का हिस्सा कोरोना बिल्डिंग के समीप अस्पताल का कचरा फेंका जा रहा है। बताया जा रहा है कचरा निस्तारण में लापरवाही भी की जाती है। मेडिकल कॉलेज परिसर में ही कचरे को रखा जाता है, दम्प् कचरा से दुर्गंध आती है। जो किसी को भी बीमार कर सकती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून

नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता
हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता', 2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्टॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्जुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्टॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की नि:शुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएसएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं, 15 वर्ष के कम आयु के बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें दोहरा समिति 1993, मसिपथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

प्रसंगवश

संविधान में आस्था का मतलब

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दु:ख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

सोशल फोरम

सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

आषाढ़ तेरे विविध रंग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अत: बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अत: भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखा:"आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं.नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

वेंकैया गारू: भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था,

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर अड़े, नहीं होने दिया पोस्टमार्टम

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। संग्रामपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला की संदिग्ध हालात में मौत के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। परिजन ने कुछ लोगों पर गलाकर दबाकर हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग लेकर अड़ गए। पुलिस के काफी समझाने पर भी परिजन पहले रिपोर्ट दर्ज करने फिर पोस्टमार्टम कराने की मांग पर अड़े रहे।

शव रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पूरे भुलई गांव निवासी स्व. बृजेश सिंह की पत्नी कंचन सिंह शनिवार की रात दरवाजे पर लेटी हुई थी। रविवार सुबह वह चारपाई पर मृत मिली। परिजनों का आरोप है कि रात में तीन लोग आए और गला दबाकर महिला की हत्या का प्रयास करने लगे। शोर सुनकर परिजन बाहर आए गए और आरोपी फायर करते हुए भाग निकले। गंभीर हालत में परिजन महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल गौरीगंज में आराम न मिलने पर डॉक्टरों ने कंचन सिंह को सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के बाद आराम मिला तो परिजन महिला को घर ले आए। जहां रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

परिजन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग लेकर हंगामा करने लगे। ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पर संग्रामपुर, पीपरपुर और अमेठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ अमेठी मुसाफिरखाना, उप जिलाधिकारी अमेठी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से शव का पोस्टमार्टम होने देने की अपील की। लेकिन परिजन पहले मुकदमा लिखने की मांग करने लगे। उपजिलाधिकारी आशीष सिंह परिजनों को समझा वापस चले गए। इसके बाद क्षेत्राधिकार ललन सिंह जब मौके पर पहुंचे तो परिजन आक्रोशित हो गए। जिससे सीओ को वापस लौटना पड़ा। देर शाम खबर लिखे जाने तक परिजन पहले रिपोर्ट दर्ज करने की मांग लेकर अड़े हुए थे।

सीने में दर्द और हाई बीपी की थी समस्या

पूरे मामले को लेकर अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने बताया कि सोमवार को कंचन सिंह के बेटे वैभव सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी माता का निधन हो गया है। पुलिस ने जब गांव पहुंचकर पूछताछ की तो पता चला कि महिला की तबियत रात में खराब हुई थी, जिन्हें इलाज के लिए संग्रामपुर सीएससी ले गए, जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां सीने में दर्द और बीपी अधिक होने की शिकायत बताई गई थी। जिसके डाक्टरों ने महिला को जिला अस्पताल सुलतानपुर के लिए भेज दिया। वहां से भी चिकित्सकों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। सीओ के अनुसार महिला के परिजन इलाज के लिए उसे लखनऊ न ले जाकर घर लेकर लौट आए। रविवार सुबह करीब 8 बजे महिला की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गौशाला में सही आहार के अभाव में मर रहे गौवंश

संवाददाता, गौरीगंज -अमेठी

अमृत विचार। सरकार द्वारा जहां गौशालाओं के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है ताकि उन्हें आश्रय स्थल पर कोई परेशानी न हो। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है।

जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरौचा तेतारपुर में हरा चारा नदारद है, सूखा भूसा के सहारे गौवंश आए दिन कमजोर और बीमार हो रहे हैं। अंत में उनकी मौत हो जाती है। कुछ दिन पहले जिलाधिकारी निशा अनंत ने यहां दौरा कर भयंकर गर्मी व तपन को देखते हुए गौशाला में लगे टिन शेड पर पैरा पुआल डालने के निर्देश दिए थे, लेकिन उस पर अभी तक अमल नहीं हुआ। बता दें कि पूर्व में भी इसी गौशाला के कुछ दूर पर गौवंश वध की घटना सामने आई थी, जिस पर जिलाधिकारी ने खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था और ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में गौवंश भरपेट चारा न पाने से कमजोर होकर दम तोड़ देते हैं, जिन्हे आसपास के गड्ढो व झाड़ियों में फेंक दिया जाता है।

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला ने बताया कि फिलहाल पानी बरसने से टीन शेड पर पैरा पुआल डालने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी मामले की जांच करवाने के पश्चात अव्यवस्था मिलने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डाक सेवा संघ का द्वितीय अधिवेशन संपंन

अमेठी, अमृत विचार। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को प्रधान डाकघर परिसर में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली जिले के डाक कर्मी शामिल हुए।अधिवेशन में प्रतिनिधि सत्र में संगठन की उपलब्धियों और डाक कर्मियों की मौजूदा समस्याओं पर विस्तार से संवाद हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप सिंह और प्रांतीय सचिव सी बी तिवारी ने सत्र का उद्घाटन किया ।सी बी तिवारी ने कहा कि संगठन के संघर्षों की बदौलत ही आज ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मान जनक वेतन, ग्रेच्युटी और महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।1980में शाखा डाकपालों को केवल 75 रू तनख्वाह मिलती थी।

राजेश अग्रहरि को सारस्वत सम्मान

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जायसी कल्चरल सैंटर सोसाइटी ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सारस्वत सम्मान से नवाजा है। श्री अग्रहरि को यह सम्मान प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय को गोद लेकर अत्याधुनिक संसाधनों से लैश करने और गरीब परिवारों के बच्चों को स्तरीय व आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयास को लेकर प्रदान किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

रविवार को सांस्कृतिक साहित्यिक संस्था जायसी कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष पं.रामबदन शुक्ल पथिक, सचिव सुधीर रंजन द्विवेदी, उपाध्यक्ष अभिजीत त्रिपाठी और अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा.अर्जुन पांडेय, लोकप्रिय गीतकार सुरेश शुक्ल नवीन और चर्चित कवि डा.केशरी शुक्ल ने राजेश मसाला फैक्ट्री पहुंचकर उद्योगपति, समाजसेवी राजेश अग्रहरि को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जायसी कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष पं. रामबदन शुक्ल पथिक ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने गरीबों के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सवा करोड़ रूपये की लागत से जो विद्यालय भवन बनवाया है। उसकी बराबरी जिले का कोई प्राइमरी स्कूल नहीं कर सकता। कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है और इसे जो पीता है वो शेर हो जाता है। राजेश मसाला ने किया है वो इनके माता-पिता के उच्च संस्कार का परिणाम है। अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा.अर्जुन पांडेय ने कहा कि राजेश अग्रहरि से प्रेरणा लेकर सभी समर्थ लोगों को अपने गांव मोहल्ले के स्कूलों का विकास करना चाहिए।

कार्यक्रम | हिन्दी के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका विषय पर विचार एवं कवि गोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधी दुनिया के 15 हजार करोड़ लोगों की भाषा : डा राम बहादुर

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थानीय हनुमान गढ़ी के सभागार में हिन्दी के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका विषय पर विचार एवं कवि गोष्ठी शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती, गोस्वामी तुलसीदास, मलिक मोहम्मद जायसी के चित्र पर माल्यार्पण से किया।

अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हमें अपनी निज भाषा पर गर्व होना चाहिये। जहां मलिक मोहम्मद जायसी की रचना पद्मावत अवधी का मूल ग्रन्थ है, वहीं श्रीरामचरितमानस मानस दुनिया का अवधी का सर्वोपरि ग्रन्थ है।

कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

गोष्ठी के मुख्य अतिथि व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ रामबहादुर मिसिर ने कहा कि आज अवधी दुनिया के 15 करोड़ की भाषा बन चुकी है। अवधी अवधी संस्कृति की पहचान है। नेपाल की तरह देश में हिन्दी साहित्य को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा मिलना समय की जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कहा कि हिन्दी के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका अहम है। हमें अपनी निजी भाषा पर गर्व होना चाहिए। संगोष्ठी में बाबा मनोहर सिंह ने अवधी की सराहना करते हुए कहा कि अवधी एक दिन आमजन की भाषा बने। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में संगोष्ठी में पधारे कवियों में पुरुषोत्तम तिवारी साहित्यर्थी ने पढ़ा, कब तक करें प्रतिक्षा कब तक साधे मौन रहें, बैठो पास कभी तो तुमसे मन की बात कहें। सुल्तानपुर से पधारे कवि हरिनाथ शुक्ला हरि ने पढ़ा, भानु कृसानु भवा व तवा जस लाल भई अब भूमि जरी है। अध्यक्षता प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने पढ़ा, हेकड़ी भुला दिया शेखर ने लंदन के सौदागर का, कद शहर का बढ़ता बढ़ता बढ़ता गया दिवाकर सा। राधेश्याम पांडे दीन ने पढ़ा, लोकतंत्र के महापर्व के शानदार सम्मान करा। कुंज बिहारी लाल मौर्य ने पढ़ा, कहां है बटेश्वर सुना पुराने का बरखा जब धान झुराने। श्रीनाथ मौर्य सरस ने पढ़ा, अनपढ़ गवार गांव के संस्कार हमहू देखें अही। आचार्य अनीश देहाती ने कहा कि डिग्री तमाम लेकर आए पान लगावत, हमारे सपूत यही बरे फेलै भले अहैं। राम लगन आशीष ने पढ़ा, यह कौन जमाना लगा है बापय से बेटवा भाग अहै।

पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, भेजा जेल

मुसाफिरखाना अमेठी। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में नामजद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने व धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी मोहम्मद कासिफ उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पूरे जोरई मजरे औरंगाबाद को रेलवे स्टेशन रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक अन्य आरोपी जो अपहरण सहित अन्य धाराओं में वांछित था, उसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम नामजद आरोपी राज बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे भारी मजरे पिंडारा महराज को दबिश के दौरान उसके घर से गिरफ्तार किया।

सार-संक्षेप

प्रशिक्षण में शामिल अध्यापकगण। अमृत विचार

तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का समापन

मुसाफिरखाना, अमेठी। कस्बे में स्थित आदर्श सेवा समिति में चल रहे तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम 28 जून से चल रहा था। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग 200 अध्यापक प्रशिक्षण ले रहे थे। उपरोक्त कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत चल रहा था। जिसमें प्रशिक्षणार्थी को दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किस प्रकार की शिक्षण सामग्री का प्रयोग किया जाए जिससे दिव्यांग बच्चे शिक्षा से जुड़ने के लिए उत्सुक रहे, उपरोक्त विषय को लेकर प्रतिभागी को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। कार्यक्रम का समापन संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने प्रतिभागी को प्रमाण पत्र वितरित कर किया। उक्त कार्यक्रम में को-ऑर्डिनेटर राज किशोर यादव, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, संतोष तथा दुर्गेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शोकसभा के बाद 13वीं का हुआ आयोजन

अमेठी, अमृत विचार। दिवंगत संत पुरुष राम निरंजन मिश्र की स्मृति में रविवार को पूरे अकेला -नरैनी में शोक सभा और तेरहवीं का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने राम निरंजन मिश्र को श्रद्धासुमन अर्पित किए। 85 वर्षीय राम निरंजन मिश्र वर्ष 2006 में उन्नाव जिले से पुलिस सब इंस्पेक्टर पर से रिटायर हुए थे। 2011में श्रीमद्भागवत सुनने के बाद उन्होंने गृहस्थ जीवन से संन्यास ले लिया था और संत हो गये। 2016 में उन्होंने बेहटा में मंदिर का निर्माण किया और काफी दिनों तक वहीं रहे। अस्वस्थ होने पर अपने पैतृक गांव नरैनी वापस चले आए। यहां उनके छोटे भाई दुर्गा प्रसाद मिश्र और पौत्र सतीश कुमार मिश्र उनकी सेवा सुश्रुषा कर रहे थे। जून महीने के तीसरे सप्ताह में उनका निधन हो गया। रविवार को सनातन परंपरा से ब्राह्मण भोज और तेरहवीं का आयोजन किया गया। पंजाब प्रांत से आए गुरुद्वारा श्री चंद साहब, चुग्गा खुर्द के मुख्य सेवादार बाबा मनोहर सिंह के साथ समाज के सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अवधेश मिश्रा बेलौरा, सरदार हरवंश सिंह, संजीव भारती, वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीश मिश्र, सेवानिवृत्त शिक्षक सदाशिव पांडेय, राम फल फौजी, राम चंद्र बौद्ध, ललित कुमार, बीडीसी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

थानों में पीस कमेटी का किया गया आयोजन

अमेठी, अमृत विचार। आगामी त्यौहार श्रावण मास एवं मोहर्रम के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी ने थाना गौरीगंज पर पीस कमेटी की बैठक की। सीओ ने मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानों पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।

मोहर्रम पर पुलिस रखेगी पैनी नजर : तनुज पाल

शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार। मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में रविवार को थाना अध्यक्ष तनुज पाल के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न जिसमें प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। थाना अध्यक्ष ने लोगों से मोहर्रम और सामाजिक सदभाव बनाए रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग की अपील की। कहा कि पर्व में खलल डालने वाले पर सामाजिक तत्वों पर कार्यवाही होगी। ताजिया जुलूस के लिए रूट मैप अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है, सभी समुदाय के लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहें। किसी भी प्रकार का कोई हरकत न हो, जिससे शांति व्यवस्था में खलल पैदा हो। कहा कि सभी मोहर्रम स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधि बृजेश तिवारी दर्जनों संभ्रांत व्यक्ति व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

गायत्री परिवार ने देव परिवार निर्माण की बनाई योजना

गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार। गायत्री प्रज्ञा पीठ गौरीगंज पर रविवार को आयोजित संगोष्ठी में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने ब्लॉक की कार्ययोजना प्रस्तुत की। दलजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सक्रिय समर्थ कार्यकर्ताओं की संगोष्ठी की शुरुआत में जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने 18 से 22 मार्च 2025 में आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के पूर्व प्रयाज के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी योजनाओं पर चर्चा करते हुए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किये। बताया कि शान्ति कुंज हरिद्वार की टोली के माध्यम से 13 जुलाई से 21 जुलाई तक गुरु गीता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शक्ति कलश पूजन का क्रम क्षेत्र में प्रारंभ होगा। 251 कुण्डीय यज्ञ के लिए 251 गांवों को देव गांव बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक देव गांव में 24 साधक जोड़े, 24 युवा दंपति, 24 युवा, 24 देव कन्याएं तैयार कर उन्हें साधना से जोड़ना, नशा मुक्ति अभियान चलाना, वृक्षारोपण अभियान जैसे कार्यक्रम जुलाई से शुरू करना है। अमेठी जनपद के सभी ब्लॉक एवं प्रतापगढ़ जनपद के सांगीपुर व लालगंज के प्रतिनिधियों ने अपने ब्लॉक में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर प्रस्तुत की।

सराफ से लाखों की लूट, चली गोली

तमंचे की बट से मारकर किया घायल, जेवरात से भरा बैग और 1.80 लाख लेकर भागे

संवाददाता, थरवई, प्रयागराज।

▸▸ घायल सराफा कारोबारी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में कराया भर्ती

▸▸ घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल

अमृत विचार: दुकान बंद कर घर जा रहे सराफा कारोबारी को बाईक सवार पांच बदमाशों ने घेरकर तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने सराफा कारोबारी के पास रहे जेवरात से भरे बैग और लाखों रुपये नकदी लूट लिया। घटना के मौके पर भीड़ जुट गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते बदमाशों ने कई राउंड गोली चलाकर दहशत फैलाते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी पर पहुंची स्थानीय पुलिस और डीसीपी गंगा नगर ने घटना का जायजा लिया। भुक्तभोगी को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। घटना थरवई इलाके के रेलवे फाटक के पास रविवार रात की है।

जानकारी के मुताबिक थरवई थाना अंतर्गत बनर्जी बंगला निवासी सौरभ सोनी पुत्र शिवाकांत सोनी की थाना बाजार में चौराहे पर ही सौरभ ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। रोज की तरह रविवार को भी सौरभ रात आठ बजे अपनी दुकान बंद कर बाईक से घर जा रहे था। उस दौरान पहले से पीछा कर रहे अपाचे सवार तीन और पैशन प्रो सवार दो बदमाश घात लगाए हुये थे। सौरभ जैसे ही रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो फाटक बंद था। उस दौरान अपाचे सवार तीन बदमाशों ने सौरभ के सिर पर तमंचे की बट से मारकर उसे घायल कर दिया और घेर कर उसके पास रहे सोने चांदी से भरे बैग व एक लाख 80 हजार रुपये नकदी लूट लिया। सौरभ ने शोर मचाया तो आस पास मौजूद रहे लोग भी पहुंचे लेकिन फाटक के दूसरी तरफ रहे बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर दहशत फैला दी। जिससे आसपास रहे लोग घबरा गये। बदमाश मौके का फायदा उठाते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविन्द गौतम फोर्स के साथ पहुंच कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी। वही सूचना शव डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती भी मौके पर पहुंच गये। घायल सराफा कारोबारी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। डीसीपी अभिषेक भारती का कहना है कि आस पास सीसीटीवी कैमरे नही लगे है। लेकिन पूरी घटना की तफ्तीश की जा रही है। बदमाशों की तलाश के लिए चेकिंग शुरु करा दी गई है। जल्दी ही गिरफ्तारी की जाएगी।

वसूली के आरोप में महिला आबकारी इंस्पेक्टर निलंबित

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : फूलपुर की आबकारी इंस्पेक्टर वंदना सिंह को निलंबित कर दिया गया है। उन पर शराब की दुकानों से जबरन वसूली करने का आरोप लगाया गया था। इस पर उनके खिलाफ गोपनीय जांच कराई गई तो शिकायत सच पाया गया। इसके बाद उन पर कार्रवाई की गई।

जानकारी के मुताबिक दो अनुज्ञापियों ने लखनऊ में जाकर आबकारी आयुक्त डा. आदर्श से की थी। फूलपुर में अंग्रेजी शराब के एक अनुज्ञापी ने इंस्पेक्टर पर यह आरोप लगाया कि दुकान से पांच हजार रुपये माह विभाग की इंस्पेक्टर लेती थीं। मगर तीन माह से वह 10 से 15 हजार रुपये जबरन सेल्समैन से लेने लगी थीं। मना करने पर पिछले दिनों वह दुकान से 30 हजार रुपये की शराब जबरन उठवा ले गईं। बताते हैं कि 2007 बैच की इंस्पेक्टर का अगले माह असिस्टेंट कमिश्नर पद पर प्रोन्नत होने वाला था। कहा जाता है कि लखनऊ में मकान खरीदने के बाद से ही उन्होंने अवैध वसूली की रकम बढ़ा दी। दुकानदारों के मना करने पर वह कार्रवाई करने पहुंच जाति थीं। मिली शिकायतों की जांच कराई गई। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। उनके स्थान पर लखनऊ में विभाग के टास्क फोर्स में तैनात अभिषेक मिश्रा को फूलपुर का आबकारी इंस्पेक्टर बनाया गया है।

शहर के दो अंत्येष्टी स्थलों पर नहीं दफनाये जाएंगे शव

संवाददाता, प्रयागराज।

अमृत विचार: भीषण गर्मी के बाद अब मानसून बदलने लगा है। इसके साथ ही अब नदियों का जलस्तर भी बढ़ेगा। इससे पहले ही नगर निगम ने एक विशेष तैयारी करते हुए आदेश जारी किया है। नगर निगम ने दो अंत्योष्टी स्थलों पर शव को दफन करने पर रोक लगाते हुए घाटों पर शवों को दफन न करने का निर्देश जारी किया है।

बारिश और बाढ़ की संभावना को देखते हुए नगर निगम की ओर से दो प्रमुख अंत्येष्टि स्थलों फाफामऊ एवं सोनौटी घाट पर लाशो को दफन करने पर मनाही कर दी गयी है। इसके लिए नगर निगम की ओर से टीम गठित कर घाट पर निगरानी भी शुरू कर दी गई है। महापौर के मुताबिक गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद कटान शुरू हो जाती है। इसके बाद दफनाये गये शव पानी में उतराने लगते है। कोरोना काल के दौरान भी काफी संख्या में शवों को दफनाया गया था। बाद में बाढ़ आने पर दफनाये गये शव मिट्टी से ऊपर आ गये थे। इसलिए इस बार नगर निगम ने पहले से ही इसको लेकर तैयारी कर ली है। महापौर गणेश केसरवानी ने नगर आयुक्त संग बैठक कर इस मामले में कड़ा नियम लागू किया है। महापौर ने बताया कि अब दो महत्वपूर्ण घाटो पर शवों को नही दफनाया जाएगा। फाफामऊ और सोनौटी घाट पर शव के न दफनाने के लिए निर्देशा जारी करते हुए नोटिस बोर्ड भी लगाया गया है। यह भी बताया गया है कि कोरोना काल के दौरान भी शवों को दफनाया गया था। बाद में बाढ़ आने के बाद वह शव मिट्टी से ऊपर आ गये थे। इसलिए इस बाद बाढ़ क्व आने से पहले ही तैयारियां कर ली गई है। जिससे पहले की तरह परेशानियां न हो। शवों को जलाने के लिए अन्य घाटो पर जाना होगा या फिर विद्युत शवदाह गृह में जाना होगा।

टी 20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत गौरवशाली : प्रमोद

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

प्रमोद तिवारी

आराधना मिश्रा मोना

अमृत विचार : राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने टी 20 वर्ल्डकप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत को ऐतिहासिक और गौरवशाली जीत कहा। उन्होंने भारतीय टीम की कड़ी मेहनत को सराहा। चुनौतीपूर्ण संघर्ष के बीच लगातार नौ मैच जीतकर वर्ल्ड कप का। खिताब देश के नाम करने को दुनिया की सबसे बड़ी जीत कहा।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि वेस्टइंडीज की धरती पर भारतीय क्रिकेट टीम ने सात रनों से फाइनल मुकाबला जीत कर खेल जगत में भारत का तिरंगा विश्व पटल पर शान से लहराया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस मुकाबले में भारतीय टीम की जीत से हर भारतवासी रोमांच व गर्व की अनुभूति कर रहा है। मीडिया प्रथारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के द्वारा जारी किये गए बयान में प्रमोद तिवारी ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व देशवासियों को शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है।

वहीं, कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत को राष्ट्र के लिए स्वर्णिम यादगार खुशियों का गौरवशाली पल कहा। नेता द्वय ने कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा की सराहना की। कहा कि टी 20 से सन्यास लेना एक साहसिक निर्णय है। इस निर्णय से प्रशंसक जरूर मायूस हैं लेकिन आगे आने वाली पीढ़ी के हित में लिया गया निर्णय है।

ट्रक व बाइक की भिड़ंत में युवती की गई जान

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

अमृत विचार: लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी गांव के पास शनिवार की शाम ट्रक व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवती की मौत हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आयी जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। मौके पर पंहुची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक व बाइक को कब्जे में लिया है।

लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत सहजी गांव निवासी 27 वर्षीय राजेश अपने रिश्तेदार हलिया थाना क्षेत्र के पथरहा गांव निवासी 35 वर्षीय बासुदेव व प्रयागराज जिले के खीरी थाना क्षेत्र के खरका गांव निवासी 20 वर्षीय सविता के साथ एक ही बाइक से कोरांव की तरफ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नैड़ी कठारी के पास लालगंज कि तरफ से आ रहे ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार युवती की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई जबकि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जांच के दायरे में आया अक्षयवट हास्पिटल

संवाददाता, प्रयागराज

पेपर लीक मामला

▸▸ आरओ/ एआरओ परीक्षा के बाद नीट पेपर मामले ने पकड़ा तूल

अमृत विचार : आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन की गिरफ्तारी के बाद के बाद प्रयागराज के यमुनानगर औद्योगिक में राजीव नयन मिश्रा के आरोग्यम हॉस्पिटल का नाम सामने आया था। इसी अस्पताल में अभ्यर्थियों को बुलाकर उत्तर पुस्तिका को रटवाई गयी थी। वहीं दूसरी तरफ नीट पेपर मामले में नैनी एडीए के अक्षयवट हास्पिटल का नाम भी सामने आया है। हलांकि इस अस्पताल में पेपर से जुड़ा कोई कारनामा नही किया गया है। बल्कि अस्पताल के मालिक ने बेटे को नीट की परीक्षा में पास कराने के लिए साल्वर को बैठाया था। जिसे गिरफ्तार किया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम अब अस्पताल की भी कुंडली खंगालने में लगी हुई है।

पांच मई को हुई नीट की परीक्षा में नैनी के अक्षयवट हॉस्पिटल अस्पताल के संचालक डॉक्टर आरपी पांडे और उनके बेटे ऋषभ उर्फ़ राजा पाण्डेय के नाम का खुलासा होने के बाद जांच टीम का दायरा बढ़ता जा रहा है। परीक्षा में बेटे की जगह सॉल्वर को बैठाने के दौरान पकड़े गये आरोपी और डॉक्टर पांडेय के पुराने ताल्लुकातो को निकाला जा रहा है। एक दिन पहले ही शनिवार को डॉक्टर आरपी पांडेय के पीडीए कालोनी स्थित अस्पताल में जांच टीम पहुंची थी। जांच एजेंसी ने करीब दो घंटे तक अस्पताल के कर्मचारियों से पूछताछ की थी। इसके अलावा डॉक्टर के बैंक डिटेल के बारे में जानकारी जुटाई थी। सूत्रों के मुताबिक आरओ/ एआरओ परीक्षा के मामले में मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा के औद्योगिक स्थित आरोग्यम अस्पताल की भी जांच पड़ताल की गयी थी ठीक उसी तरह से अक्षयवट अस्पताल की भी कुंडली खंगालने की तैयारी की जा रही है।

क्या है मामला

बता दें कि दिल्ली में नीट की तैयारी के दौरान डॉक्टर आरपी पांडे के बेटे ऋषभ पांडेय उर्फ़ राज पाण्डेय का संपर्क जोधपुर एम्स के एक डॉक्टर से हुआ था। जो डॉक्टर के बेटे की जगह पर साल्वर बनाकर बैठाया गया था। जिसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल मालीघाट में परीक्षा के दौरान जांच दल ने पकड़ लिया गया था। बताया जाता है कि उस दौरान वह मौका देखकर वहां से फरार हो गया था। एडमिट कार्ड पर नैनी के पते की तस्दीक करने कुछ दिन पहले बिहार पुलिस नैनी अस्पताल आई थी। डॉक्टर आरपी पांडे और उसका बेटा अभी फरार बताया जा रहा है।

खुशी जताते उमरवैश्य समाज द्वारा सम्मानित किये गए मेधावी छात्र – छात्राएं। अमृत विचार

सम्मान से नवाजे गए उमरवैश्य समाज के 125 मेधावी

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिला उमरवैश्य समाज द्वारा चिलबिला स्थित उमरवैश्य धर्मशाला में रविवार को समारोह आयोजित कर उमरवैश्य समाज के 125 मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उमरवैश्य समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ का उमरवैश्य समाज ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सामूहिक विवाह का शुभारंभ भी यहीं से हुआ था। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य की मांग का समर्थन करते हुए आज ही पूरे देश में समाज के मेधावियों के सम्मान की घोषणा करता हूं। जिलाध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। संचालन महामंत्री शोभनाथ व स्वपनिल उमरवैश्य ने किया। इस दौरान मदनलाल, जवाहरलाल, हनुमान प्रसाद, महादेव, विश्वनाथ, डॉ .श्याम, देवेंद्र गुप्ता, अमन, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, श्री राम, दीपक सभासद, शोभनाथ, अजय कुमार, शिव विलास, शनि, महिला सभा की जिलाध्यक्ष पूनम गुप्ता, महामंत्री रेखा उमरवैश्य आदि मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर जोर

संवाददाता, प्रतापगढ़

▸▸ जिले के 733 परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम है छात्र संख्या

अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में छात्र- छात्राओं की संख्या बढ़ाने को लेकर एक जुलाई से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जुलाई से कक्षाएं शुरू होने के साथ ही नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया जाए। जिन विद्यालयों में बच्चों की संख्या 50 से कम है, उन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में छात्र - छात्राओं की संख्या को बढ़ाने के लिए जुलाई माह से विशेष अभियान शुरू करने की तैयारियां शुरू हो गई है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह टीमें गठित कर विद्यालयों में हो रहे नामांकन की जांच करें और शिक्षक अधिक से अधिक प्रवेश कराएं। इसके साथ ही परिवारों का सर्वे कर स्कूल न आने वाले बच्चों के प्रवेश कराया जाए। जिले के 733 ऐसे परिषदीय विद्यालय हैं, जिनमें बच्चों की संख्या 50 से कम है। इसे लेकर शासन में कड़ा रुख अपनाया है। यदि बच्चों की संख्या न बढ़ी तो इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई हो सकती है। इस तरह के सबसे अधिक 100 विद्यालय संड़वा चंद्रिका विकास खंड में हैं। जुलाई माह में भी यदि संख्या नहीं बढ़ी तो विभाग इनके प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई करेगा। फिलहाल बीएसए ने इन प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 50 से कम बच्चों वाले विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने में सहयोग करें।

> परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए जुलाई माह से विशेष अभियान शुरू हो रहा है। खासकर उन विद्यालयों में जहां बच्चों की संख्या 50 से कम है, वहां विशेष अभियान खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से चलाया जाएगा। अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा।
> –भूपेन्द्र सिंह, बीएसए, प्रतापगढ़

आज से ऑनलाइन होगी बच्चों की उपस्थिति व एमडीएम का ब्योरा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की उपस्थिति और एमडीएम का कार्य एक जुलाई से आनलाइन किया जाएगा। इसके बाद शिक्षकों की उपस्थिति आनलाइन शुरू होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारियों ने शनिवार को प्रधानाध्यापकों को सिमकार्ड उपलब्ध कराया गया। परिषदीय विद्यलयों में दिए गए टेबलेट का लाक इसी विभागीय सिम से ही खुलेगा।

जनपद के 1994 विद्यालयों में बेसिक शिक्षा विभाग ने 3830 टेबलेट उपलब्ध कराया था। इसके सापेक्ष शनिवार को 3830 सिम विद्यालयों के शिक्षकों को उपलब्ध करा दिए गए। शेष बचे 345 स्कूलों में भी टेबलेट व सिम जल्द दिए जाएंगे। हालांकि अभी बच्चों की आनलाइन उपस्थिति और एमडीएम ग्रहण करने वाले बच्चों की फोटो एक जुलाई से आनलाइन अपलोड की जाएगी। शिक्षकों को प्रत्येक माह 70 जीबी नेट मिलेगा। यदि शिक्षक नेटपैक बचा लेंगे तो इसका उपयोग अगले माह कर सकेंगे। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एक जुलाई से टेबलेट के द्वारा बच्चों की उपस्थिति व एमडीएम ग्रहण करने वाले बच्चों का ब्योरा आनलाइन किया जाएगा।

भुगतान में देरी पर वेतन आहरण पर रोक

संवाददाता, प्रतापगढ़

जननी सुरक्षा योजना

▸▸ डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिये निर्देश

अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग अभियान, 11 से 31 जुलाई के मध्य दस्तक अभियान के तहत सभी ईओ को निर्देशित किया कि जो भी नाले/नालियॉ है सभी की सफाई करा दी जाये। किसी नाली/नालियों में पानी के जमाव की स्थिति न रहे अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित ईओ के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

सीएचसी की डिलीवरी की समीक्षा में पट्टी सीएचसी की प्रगति धीमी मिलने पर डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी पट्टी को डिलीवरी की प्रगति में सुधार लाने की बात कही। डीएम ने कहा कि जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जननी सुरक्षा योजना का भुगतान पेन्डिंग है, उसका निस्तारण कर तत्काल भुगतान करायें। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सचेत करते हुये कहा है कि यदि जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय से नही होता है तो सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जायेगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सक व कार्मिक सम्मानित

वीएचएनडी प्रोग्राम में प्रदेश में प्रतापगढ़ का प्रथम स्थान आने पर डीपीएम राजशेखर, डीसीपीएम मो . नाजिम, एसीएमओ डीआईओ डा . ए .एन .राय, डीएआईओ महेश कुमार सिंह, डीएमसी यूनीसेफ मो .वकील अहमद को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एनक्यूएएस प्रोग्राम में उत्कृष्ट कार्य हेतु एमओआईसी कुण्डा डा .राजीव त्रिपाठी, एमओआईसी संग्रामगढ़ डा . मनोज सिंह, डिस्ट्रिक्ट क्यूएचएम डा . हरिश्चन्द्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीवी प्रोग्राम में प्रदेश में जनपद को तीसरा रैंक प्राप्त होने पर नोडल अधिकारी डा . संदीप सक्सेना, डीपीसी हेमन्त शुक्ला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डा . जीएम शुक्ला, सीएमएस महिला डा .रीना प्रसाद, डीपीएम राजशेखर सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर खुशी मनाते भाजयुमो कार्यकर्ता।

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : टी 20 वर्ल्डकप में भारत की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने हांथ में तिरंगा लेकर विजय जुलूस निकाला। ढोल की थाप पर थिरकते हुए एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया। जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, अजय सिंह, नामित श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, राहुल मौर्य, मनोज मिश्र, मनीष सिंह, प्रमोद सिंह, राहुल राजा, शैलेश मिश्र आदि रहे।

देवी धाम में पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

मां मंडप देवी धाम में पौधरोपण करते युवा।

संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : पूरेबदल, गौरा स्थित मां मंडप देवी धाम पर रविवार को युवाओं ने पौधरोपण किया। बरगद, पीपल, नीम सहित विभिन्न प्रकार के करीब दो सौ पौधे लगाये गए। पौधरोपण में अभिषेक सिंह, अर्पित सिंह, आदित्य सिंह, अमन सिंह, पुष्पेंद्र विक्रम सिंह आदि ने सहयोग किया। अंत में युवाओं ने रोपित किये गए पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कबड्डी एसोसिएशन का वार्षिक सम्मान समारोह आज

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिला कबड्डी एसोसिएशन का वार्षिक सम्मान समारोह एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम सोमवार को पीबी इण्टर कालेज सिटी में आयोजित किया गया है। जिसमें भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उक्त जानकारी अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र सिंह व सचिव डॉ . धीरेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

लापरवाह लेखपाल को निलम्बित का डीएम ने दिया निर्देश

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : शासन स्तर से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन अथवा आम जनमानस को दी जाने वाली सुविधाओं में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गयी या उदासीनता दिखायी गयी तो संबंधितों के विरुद्ध जांच कराकर कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में तहसील सदर के ग्राम ढेरापुर के शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व में जनसुनवाई के दौरान शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि 18 जनवरी 2021 को उनकी ज़मीन का फाट करने हेतु उच्चाधिकारी द्वारा आदेश दिया गया था परन्तु 29 जून 2024 तक स्थानीय लेखपाल द्वारा फाट का कार्य नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने उक्त शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए लेखपाल से जानकारी प्राप्त की तथा लेखपाल द्वारा कार्य में किये गये विलम्ब का कारण न स्पष्ट करने की दशा में उपजिलाधिकारी सदर को तत्काल लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही कर निलंबित करने हेतु निर्देशित किया।

डीएम ने ईवीएम गोदाम का किया त्रैमासिक निरीक्षण

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भिस्पुरी स्थिति ईवीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम के रखरखाव तथा उपस्थित गार्डों आदि के व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि .ध्रा . शिव प्रताप शुक्ल, सहायक निर्वाचन अधिकारी अलोक शर्मा उपस्थित रहें।

लेखा समाधान बैठक संपन्न

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि पर 30 जून 2024 को जिला पंचायत सभागार में अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षक संकेत काले की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 10 अभ्यर्थियों में से 9 अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार प्रसार पर किए गए खर्च, मतदान दिवस के दिन बने पर्चियों के वितरण हेतु बुथ पर हुए खर्च, सभी अनुसूचियां पूर्ण करना एवं शपथ पत्र तैयार करना आदि पर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी व्यय अनुवीक्षण मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, अमित कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, अशोक कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत तथा समस्त लेखा टीम एवं समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक उपस्थित रहे।

'संस्कृत से संस्कृति संरक्षण' की पहल

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार के साथ प्रशिक्षित छात्राएं।

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : भारत की पुरातन शिक्षा व्यवस्था में संस्कृत संस्कृति की परिचायक रही है। हमारे देश के सभी वेदों, पुराणों एवं ऋचाओं के निर्माण में न केवल संस्कृत भाषा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है बल्कि इनके अध्ययन– अध्यापन में भी संस्कृत का ही प्रयोग सर्वाधिक किया गया। ऐसे में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय द्वारा संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान हेतु 'संस्कृत से संस्कृति संरक्षण' नामक ग्रीष्मकालीन पहल की गई। अभी यह आगे भी चलती रहेगी। इस पहल के माध्यम से संस्कृत को पुन : जनसामान्य और आम बोलचाल की भाषा बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति लगाव एवं प्रयोग में सहजता व दक्षता हेतु उन्हें संस्कृत भाषा सम्बन्धी चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा की मूलभूत जानकारी जैसे वचन, लकार, पुरूष, विभक्ति, धातु रूप, शब्द रूप के साथ ही साथ वाक्य विन्यास एवं संस्कृत में रूपांतरण का अभ्यास कराया गया।

कार की चपेट में आने से बालिका की मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : लालगंज थाना क्षेत्र के लालगंज हलिया मार्ग कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के चौदहवां बैरियर के पास शनिवार की देर शाम घर से दुकान पर सामान लेने जा रही बालिका को तेजगति से आ रही कार चालक ने धक्का मार दिया, जिससे बालिका की मौत हो गई। वहीं, कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। मौके पर पंहुची पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिका के परिजनों में कोहराम मच गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत सहजी गांव निवासी बुद्धिराम की 10 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी घर से सामान लेने के लिए कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के चौदहवां बैरियर के पास आ रही थी। इस दौरान तेजगति से आ रही कार ने बालिका को धक्का मार दिया, जिससे बालिका की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना तिलांव चौकी के पुलिस को दिया मौके पर पंहुची। तिलांव पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान सहजी रविशंकर सिंह मौके पर पंहुचकर परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया है। बालिका दो बहनों में बड़ी थी।

बिजली गिरने से बच्चे की गई जान

संवाददाता, बारा/नैनी, अमृत विचार : शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जमुहरा भाट गांव मे रविवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद उसके घर मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जमुहरा भाट गांव निवासी विमलेश कुमार का आठ वर्षीय पुत्र आकाशीय बिजली गिरने से 8 वर्षीय अनु पुत्र विमलेश कुमार शाम को अपने घर के समीप खेल रहा था। उसी दौरान लगभग चार बजे अचानक गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी। तभी तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। अनु उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। हादसा के बाद वहां चीख पुकार मच गई। गांव में मातम का माहौल हो गया। सूचना पर प्रभारी चौकी इंचार्ज अंकुश कुमार पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एक नजर

आज से 10 बजे से खुलेगी दीवानी न्यायालय

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले की दीवानी न्यायालय सोमवार से अपने नए समय पर कार्य करना प्रारम्भ करेगी। अब न्यायालय का समय प्रात: 10 बजे से होगा। अब तक सुबह आठ बजे से ही दीवानी खुल जाती थी। समय परिवर्तन होने से वकीलों के साथ वादकारियों को भी सहूलियत होगी।

रंजिश को लेकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

कादीपुर, अमृत विचार : कोतवाली के राजापुर बिजेथुआ गांव के राजन का विपक्षियों से पुरानी रंजिश थी। आरोप है कि विपक्षीगण रविवार को सुबह 8 :30 बजे उसके घर पहुंचे और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर लात जूता से मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आनंद उर्फ ऋषि, सौरभ एवं मुकेश के विरुद्ध नामजद के दर्ज किया है।

चौकीदार को पीटा, आरोपी युवक पर केस दर्ज

कादीपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक महाविद्यालय के चौकीदार को युवक ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सरस्वती महिला महाविद्यालय कटसारी में अंबेडकर नगर जिले के आलापुर थाने के देवी दयाल महमूदपुर गांव का सुंदर चौकीदारी का काम करता है। आरोप है कि शनिवार को शाम लगभग 5 :30 बजे वह महाविद्यालय के कामकाज को देख रहा था। इसी बीच गांव का एक युवक आया और चौकीदार को गाली गलौज देते हुए एवं जाति सूचक सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए बाहर बुलाया। जब चौकीदार महाविद्यालय से बाहर आया तो युवक ने उसे लात घुसों पीटना शुरू कर दिया। चौकीदार जान बचाकर महाविद्यालय परिसर में भगा परिसर में भी घुसकर युवक ने उसे मारा पीटा।

नहीं कम हो रही मुश्किल, पूर्व विधायक सोनू पर हत्या का मुकदमा

सोनू के भाई पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू समेत छह नामजद, मायंग के पूर्व प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मौत का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: अभी हाल ही में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से छूटकर आए पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को गोसाईगंज पुलिस ने पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला व साजिश रचने जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा पुलिस ने निवर्तमान प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मिली तहरीर के आधार पर लिखा है।

जगदेव निषाद।

मायंग गांव में शव रखकर बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार

धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग गांव निवासी निवर्तमान प्रधान रामदेव निषाद ने गोसाईगंज पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि जब वह ग्राम पंचायत का प्रधान था। पूर्व विधायक उससे कुछ फर्जी कार्य कराना चाह रहे थे। जिसका उसने विरोध करते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया था। जिससे उनकी पूर्व विधायक सोनू सिंह से रंजिश चली आ रही है। राम देव निषाद का कहना है कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े तीन बजे उनका भाई जगदेव निषाद अपने मित्र विनय यादव पुत्र रामफेर यादव निवासी गोविंदा का पुरवा मायंग के साथ बाइक से ज़िला मुख्यालय से घर वापस आ रहा था। वह दोनों मायंग कटका मार्ग पर महिलौ आशापुर गांव से पांच सौ मीटर पहले पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जान बूझकर टक्कर मार दी। घायल अवस्था में जगदेव निषाद, विनय यादव को सुलतानपुर मेडिकल कालेज ले जाया गया। रात में इलाज के दौरान जगदेव निषाद की मौत हो गए। रामदेव निषाद का आरोप है कि चंद्रभद्र सिंह सोनू व यशभद्र सिंह मोनू व उनके सहयोगी सूर्यप्रकाश सिंह, मंजीत सिंह उर्फ रोशन, सत्येंद्र सिंह निवासी मायंग ने साजिशन अज्ञात वाहन चालक से हत्या करवाई है। पुलिस ने वायरल वीडियो की भी जांच शुरू कर दी है।

मुकदमा दर्ज होने पर हुआ अंतिम संस्कार

जगदेव के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद घर लाया गया। 25 घंटे से भी अधिक समय तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। दुर्घटना शुक्रवार को हुई। अचानक रविवार को परिजन दोनों भाईयों के खिलाफ केस दर्ज कराने पर अड़ गए। परिवारीजनों ने कहा कहा कि मुकदमा दर्ज किया जाय तो अंतिम संस्कार होगा। रामदेव निषाद के घर व गांव में सुबह से ही पुलिस सक्रिय रहीं। बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन, हलियापुर थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी सौरभ सावंत व धनपतगंज की पुलिस मौजूद रहीं। पुलिस के काफी समझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। उधर, पूर्व विधायक चंद्र भद्र सिंह सोनू का कहना है कि हमारा इस घटनाक्रम से कोई लेना देना नहीं है। राजनीतिक तौर पर फंसाया जा रहा है। पुलिस जांच में घटना की सत्यता सामने आ जायेगी।

दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

शुक्रवार शाम मायंग-कटका मार्ग पर हुई घटना को लेकर दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पहले वीडियो में दिख रहा है बाइक सवार खुद बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर रही है। दुर्घटना के पहले दो बाइक वीडियो में जाते देखी जा रही है। घटना के बाद करीब एक मिनट तक कोई वाहन आता-जाता नहीं दिख रहा। घटना के करीब आधा मिनट बाद कुछ लोग घायलों के पास आते नजर आ रहे है। वहीं एक दूसरा वीडियो घायल अवस्था का वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ लोग एंबुलेंस बुलाने की बात कह रहे हैं। हालांकि, अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। सीओ जयसिंहपुर का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। एसपी सोमेन बर्मा ने बात करने का प्रयास किया गया तो उनके पीआरओ ने बताया कि कप्तान वीडियो कांफ्रेंसिंग में हैं।

फिर धंसा नदी के पुल का एप्रोच

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार: दियरा-लंभुआ मार्ग पर गोमती नदी पर बंद पुल का लोकार्पण वर्ष 2011 में तत्कालीन सिंचाईं मंत्री ओम प्रकाश सिंह ने किया था। देख-रेख के अभाव में दियरा की तरफ जाने वाले एप्रोच के नीचे की करीब 200 टन मिट्टी खिसकर बह जाने से सड़क के बीचों बीच बड़ा सा गड्ढा हो गया था। 4 सितंबर 2023 को शासकीय कार्य से लंभुआ से लौटते समय एसडीएम जयसिंहपुर वंदना पाण्डेय की नजर उस गड्ढे पर पड़ी। उन्होंने तत्काल वाहनों का आवागमन रोकते हुए मामले की जानकारी तत्कालीन डीएम जसजीत कौर को दी। डीएम के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने करीब 450 ट्राली मिटी एप्रोच के नीचे डाल दी थी। जिसमें मिट्टी कार्य, मिट्टी के ऊपर स्लोप बनाकर कट स्टोन लगाने, पिंचिंग, जल निकासी के लिए दोनों तरफ नालियों का निर्माण होना था। ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण शुरू कराया गया। मिट्टी के ऊपर मिट्टीयुक्त पीली ईंटों के चूरे डाल कर ऊपर से स्टोन बिछा दिया गया। जल निकासी की नालियों का निर्माण भी मानक अनुरूप नहीं किया गया। क्षेत्रीय विधायक द्वारा एप्रोच निर्माण के बाद बकाया लोकार्पण भी किया गया। निर्माण चलते पहली ही बारिश में एप्रोच फिर धंस गया।

पुल के पास एप्रोच धंसने से बढ़ा खतरा। अमृत विचार

कहीं एकत्रित न होने दें गंदा पानी: डॉ. बीनू

धनपतगंज, सुलतानपुर। संचारी रोग नियंत्रण और बचाव को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की एक कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला मे बतौर मुख्य अतिथि डा. बीनू सिंह चौहान ने रोगों से बचाव के उपाय बताये। रविवार को धनपतगंज बाजार में सेंचुरी वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित संचारी रोग नियंत्रण और बचाव कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि डॉ बीनू सिंह चौहान ने कहा कि जुलाई में वायुमंडल आद्रता बहुत तेजी से बढ़ जाती हैं। इसके प्रति जागरूक और सचेत रहते हुए घरों में साफ सफाई कराई जाए, गन्दा पानी कहीं भी एकत्रित न होने दिया जाए, कूलर टूटे-फूटे बर्तनों मे जल का भराव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे दिन में दो बार हाथ साबुन से जरूर साफ करे। घरों की रोज सफाई करे। प्राथमिकता से दरवाज़े के हैंडल और रसोई की। ताजे भोजन का प्रयोग करें, प्रमुख रूप से शुद्ध जल ही पीने में इस्तेमाल करें। बच्चों में अगर बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।

श्रीराम अस्पताल से राम मंदिर को जोड़ेगा एक नया कॉरिडोर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए एक नया पथ बनकर लगभग तैयार हो गया है। श्रीराम अस्पताल के निकट से राम मंदिर तक बन रहे कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर है। आने वाले दिनों में श्रद्धालु दर्शन करने के बाद इसी मार्ग से वापस आएंगे।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिससे आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने अयोध्या में एक नए कॉरिडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जो अब श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से बनकर तैयार होने वाला है। यह कॉरिडोर श्रीराम अस्पताल के बगल से सुग्रीव किला को जोड़ेगा। 11.81 करोड़ की लागत से बन रहे कॉरिडोर में अकेले 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण में किया गया है। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर है। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। अधिशाषी अभियन्ता एसबी सिंह ने बताया कि भूमि अधिग्रहण, ध्वस्तीकरण, सीवर का कार्य, यूटिलिटी डक्ट, ड्रेन, वाटर पाइप लाइन, डीएलसी, पीक्यूसी, मिट्टी डालने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आरसीसी सहित अन्य सभी कार्य 15 जुलाई तक पूरे कर लिए जाएंगे।

290 मीटर के कॉरिडोर की लागत लगभग 12 करोड़

हत्या मामले में एसएचओ व तीन सिपाही निलंबित

संवाददाता, हरदोई

- शनिवार रात एक बजे की घटना, गांव पहुंचे पुलिस अधीक्षक व उच्च अधिकारी

अमृत विचार : युवराज हत्याकांड की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि शनिवार रात एक बजे पाली के खेमपुर गांव में एक बार फिर रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई है। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। रिजवान नाम के युवक ने अमन नाम के युवक को गोली मारी है। उधर, स्थानीय पुलिस के लचर प्रणाली रवैया के चलते पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने थाना अध्यक्ष पाली अरविंद गिरी व तीन सिपाहियों को मामले में निलंबित कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 15 जून को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस प्रकरण में थाना अध्यक्ष व तीन सिपाहियों को दोषी मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। बता दें कि शनिवार रात एक बजे पाली थाने के खेमपुर निवासी देवकुमार अपनी पत्नी दयावती, पुत्र अमन, पुत्री पूजा पत्नी राजवीर और दामाद राजवीर पुत्र विश्राम निवासी अल्लागंज शाहजहांपुर के साथ मकान की छत पर सोया हुआ था। उसी बीच हाथों में असलहे व लाठियां लिए रिजवान, इश्तियाक, रहमान पुत्र, अबरार अली, तौफीक व जावेद पुत्र अशरफ अली, अबरार अली पुत्र जुल्ला और रिज़वान पुत्र आशिक निवासी शाहाबाद ने धावा बोल दिया। झगड़े में रविवार सुबह अमन की मौत हो गई। इसका पता चलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे, वहां का माहौल भांप कर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई। उसके बाद एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा खेमपुर पहुंचे। उसके बाद खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाते हुए आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इससे पहले पिछली 30 मई को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में युवराज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

राम मंदिर में पुजारियों के एंड्रायड फोन ले जाने पर प्रतिबंध

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में दर्शनार्थियों के बाद अब पुजारियों के भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला के पुजारियों के लिए एक ड्रेस कोड भी बना दिया है। अब उसी ड्रेस में पुजारी नजर आएंगे।

राम मंदिर में पुजारियों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। अब रामलला के पूजन अर्चन के लिए 26 पुजारी अलग-अलग शिफ्टों में सेवा देंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति ने 21 नए प्रशिक्षित पुजारी को पूजन पद्धति में शामिल करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए ट्रस्ट ने सभी पुजारी के आई कार्ड जारी कर दिए हैं। पुजारियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट के साथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। हालांकि रविवार को धार्मिक समिति की बैठक की जानी थी, लेकिन किसी कारण से नहीं हो सकी। नियुक्ति पत्र अब तीन जुलाई या पांच जुलाई को वितरित किए जा सकते हैं। रामलला के सहायक पुजारी अशोक उपाध्याय बताते हैं कि ट्रस्ट ने राम मंदिर में आने वाले पुजारियों को एंड्रॉयड फोन लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उनके मुताबिक सिर्फ बात करने के लिए कीपैड वाला ही फोन ले जा सकते हैं। विशेष ड्रेस कोड की भी तैयारी है, जिसमें चौबंदी, धोती और साफा लगाये जाने विचार कर रहा है। हालांकि ट्रस्ट के द्वारा अभी कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

वाहन की ठोकर से अधेड़ की गई जान

कादीपुर, अमृत विचार : चार पहिया वाहन के टक्कर मार देने से एक अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाली के लेडुआ गांव के रामजीत (55) शनिवार की रात लगभग 9 :30 बजे सुरापुर बाजार से ठेले से सब्जी बेचकर अपने घर आ रहे थे। वह जैसे ही मरी माता के मोड़ पर पहुंचा था तभी सूरापुर की तरफ से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। रविवार को मृतक के पुत्र विनोद की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

कोरांव में लेखपाल की मनमानी, तालाब पर बन गये आलीशान मकान

कोरांव/नैनी, संवाददाता

अमृत विचार : सरकार ग्रामीण इलाको पर तालाबों को संवारने की कवायद में जुटी हुई है। अमृत सरोवर योजना में तालाबों में पानी भरवाने के साथ उसकी साज सज्जा में करोड़ो रुपये खर्च कर रही है, लेकिन नगर पंचायत कोरांव में ठीक इसका उल्टा हो रहा है। यहां तालाबों पर भी कब्जा किया जा रहा है। तालाब की भूमि पर मकानों का निर्माण करा लिया गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने लेखपाल पर मनमानी तरीके से कब्जा कराने का आरोप लगाया है।

तालाब की भूमि पर बनाया गया मकान।

बता दें कि कोरांव के ब्लाक रोड स्थित बड़े हनुमान मन्दिर के समीप स्थित बने तालाब की भूमि पर कुछ स्थानीय लोगों ने भवनो का निर्माण करा लिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लेखपाल कोराव की मिलीभगत से तालाब की भूमि पर मकान का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल कोराव पिछले कई वर्षों से यहां अंगद की तरह पैर जमाए हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि उसी तालाब में सीवर की सप्लाई को जोड़ दिया गया है। जिससे आस पास के लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों ने तहसीलदार और उच्चाधिकारियों से इसकी कई बार शिकायत भी की। लेकिन तालाब का कोई साज सज्जा और सौन्दर्यीकरण नही कराया गया।

वहीं लेखपाल अनुज कुमार का कहना है कि आबादी में निर्माण हुआ जबकि गाटा संख्या 313, 314, 315 तालाब के खाते में दर्ज है। हालांकि जबाब नहीं दिया। इस बावत तहसीलदार कोरांव राजेश कुमार पाल से बात करने पर बताया गया कि मीटिंग में है। जिससे बात नहीं हो सकी। वहीं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोरांव बंटी ने का फोन रिसीव नही हो सका।

> तालाब पर अवैध रूप से मकान निर्माण कराया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी। -अविनाश यादव, एसडीएम, कोरांव

वर्ग पहेली-117

बाएं से दाएं

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

ऊपर से नीचे

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु 3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



वर्ग पहेली -116 का हल

1 काँ		2 कू		
ग	3 लू	ट	मा	र
ड़ी		नी		
		ति		4 के
5 बो	6 अ	क	थि	त
ग	हिं			ली
7 स	ह	सा		

सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			3			7		8
		2		1			3	5
		9		6				1
6	8				4			
4		3				8		2
			5				1	6
1				3		5		
7	5			4		6		
2		4			9			7

सुडोकू -29 का हल

7	6	3	8	2	4	5	1	9
5	8	1	7	3	9	6	2	4
4	2	9	5	1	6	3	7	8
2	9	4	6	7	1	8	5	3
3	1	5	9	4	8	7	6	2
8	7	6	3	5	2	9	4	1
1	5	7	4	9	3	2	8	6
6	3	2	1	8	7	4	9	5
9	4	8	2	6	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 10 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 06 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

वृष — आज आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

मिथुन — आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

कर्क — आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

सिंह — आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

तुला — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

वृश्चिक — आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

धनु — आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

मकर — आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

मीन — आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — दोपहर : 12 .00
- लोहा — रात : 09 .00

&pictures
- मि. इंडिया — सुबह : 10 .24
- सूर्यवंशी — रात : 08 .00

SONY PIX
- जर्नी 2 — सुबह : 09 .17
- डंकिर्क — दोपहर : 03 .03

ZEE CINEMA
- कार्तिकेय 2 — सुबह : 11 .22
- आरआरआर — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- कादम्बन — सुबह : 10 .04
- बेटिंग राजा — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

एक नजर

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मलेन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

केरल में गूगल मैप्स के भरोसे उफनती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल), एजेंसी

● वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण बची जान

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप्स का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए।

रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए गूगल मैप्स का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि गूगल मैप्स से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप्स एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप्स कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा-वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और बीच में एक पुल था।

किसान का बेटा होने से उपराष्ट्रपति पद तक की नायडू की यात्रा प्रेरणादायी

हैदराबाद, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति के योगदान को किया याद

● 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर तीन पुस्तकों का किया विमोचन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी जीवन यात्रा पर आधारित तीन पुस्तकों का रविवार को विमोचन किया और आपातकाल के खिलाफ लड़ाई और केंद्रीय मंत्री तथा उपराष्ट्रपति के रूप में उनके योगदान को याद किया।

उन्होंने हाल में आपातकाल की 50वीं बरसी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि नायडू आपातकाल के खिलाफ लड़ाई के दौरान लगभग 17 महीने जेल में भी रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि देश के संविधान की छवि को धूमिल करके कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुस्तकों का विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला और उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि उनके समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को नायडू से सीखने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि किसान का बेटे होने से लेकर केंद्रीय मंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च पदों पर आसीन होने तक

नायडू का सफर कई अनुभवों से भरा है। कहा कि नायडू ने पार्टी में वरिष्ठ होने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला, क्योंकि वह गांवों, किसानों की सेवा करना चाहते थे। कहा कि शहरी विकास मंत्री रहे नायडू ने स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन शुरू करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने जिन पुस्तकों का विमोचन किया, उनमें वेंकैया नायडू-लाइफ इन सर्विस, सेलेब्रेटिंग भारत-द मिशन एंड मैसेज ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू एज थर्टीन्थ वाइस प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया' और तेलुगु में चित्र वृत्तांत महानेता-लाइफ एंड जर्नी ऑफ श्री एम वेंकैया नायडू शामिल हैं।

एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता की धमकी पर रद

हैदराबाद। हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड-अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है।

छत्तीसगढ़ में बस पलटने से नवजात बच्ची की मौत 30 से अधिक लोग घायल

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में रविवार को एक बस के पलट जाने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में लालखदान फ्लाईओवर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। बस बिलासपुर शहर से सारंगढ़ कस्बे की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। राहगीरों ने एक एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक नवजात बच्ची की मौत हो गई तथा घायलों को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सीआईएमएस) और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

नीट विवाद-अग्निपथ योजना पर संसद में आज हो सकती बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने पीटीआई-भाषा से कहा, "निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा।" बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। कहा-हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683

नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली। तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का

लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वनडे वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की सेना ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया। फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराया। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनों में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारत: वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन: इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

अविस्मरणीय योगदान: रोहित शर्मा- आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

सूर्यकुमार यादव: आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

ऋषभ पंत: पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्या: उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल: सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

शिवम दुबे: अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।

विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये दिए गए है।

विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट

नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

जय शाह ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। शाह ने कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है और आज वे महान खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

एक नजर

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

मालविका यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत की छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ अहम मौकों को भुनाने में विफल रहीं और यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की नात्सुकी निदाइरा से सीधे गेम में हार गईं। विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में नात्सुकी से 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल अजरबैजान इंटरनेशनल चैलेंज जीता था। उनकी हार से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती खत्म हो गई।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब ताजा हैं।

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

उन्होंने कहा साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट :** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट :** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन) : 232/2। सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट :** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कहर

दक्षिणी स्विट्जरलैंड के मैगिया घाटी में विसलेटो में भीषण तूफान उठा। इस कारण यहा पुल नष्ट हो गया। बचावकर्मियों ने यहा से दो शव भी बरामद किए हैं। तूफान के कारण विभिन्न यातायात मार्गों भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। ● एजेंसी

अमेरिका में पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में एक पुलिस अधिकारी ने 13 साल के किशोर को गोली मार दी। शनिवार देर रात इस संबंध मं एक वीडियो वीडियो भी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों किशोरों का विवरण लूटपाट की एक घटना के संदिग्धों से मेल खा रहा था और वे लूटपाट वाले दिन उसी इलाके में थे। फुटेज में एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है उसे इन दोनों किशोरों की तलाशी लेनी होगी।

विदेश मंत्री राजधानी दोहा पहुंचे, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ कई मुद्दों पर दिया जोर

कतर से व्यापारिक संबंधों पर जयशंकर ने की चर्चा

दोहा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में पहुंचे। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया।

यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रविवार दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं। उन्होंने कहा राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।

कतर के प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ● एजेंसी

इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किये जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। कतर में भारतीय दूतावास ने दिन की शुरुआत में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "विदेश मंत्री एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दोहा पहुंचे। प्रोटोकॉल प्रमुख महामहिम इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

एक नजर

नाइजीरिया में विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

अबुजा। पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक, हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है, जिसमें 18 मृत हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, और 48 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों का इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि पहला विस्फोट एक शादी समारोह में हुआ और कुछ मिनट बाद ग्वोज़ा शहर के मुख्य अस्पताल में एक और विस्फोट हुआ।

ऑस्ट्रेलिया में बस दुर्घटना में तीन की मौत

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी राज्य क्वींसलैंड में रविवार को बस और कार की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग घायल हो गए। ब्रिस्बेन स्थित द कूरियर-मेल सहित क्वींसलैंड मीडिया आउटलेट ने बताया कि घटना उत्तरी क्वींसलैंड तट पर ब्रूस हाईवे पर बोवेन के उत्तर में गुमलू के पास हुई। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। बस में कुल 33 लोग और कार में दो लोग सवार थे।

रूसी वायु रक्षा ने 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मास्को। रूसी वायु रक्षा ने अपने कुर्स्क, लिपेत्स्क, वोरोनिश, ब्रांस्क, ओरयोल और बेलगोरोड क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित विमान का उपयोग करके हमले को अंजाम देने के प्रयास को रोका गया।

फिरोजपुर में हेरोइन व तरनतारन में ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर और तरनतारन से एक पैकेट हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुबह के समय बीएसएफ के सतर्क जवानों ने फिरोजपुर जिले के कालू गांव में सुरक्षा बाड़ के नजदीक से 522 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे और पैकेट से एक छोटा प्लास्टिक टॉर्च भी जुड़ा हुआ मिला। एक अन्य घटना में बीएसएफ ने खुफिया विंग द्वारा तरनतारन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी के आधार पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ के जवानों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को हैं आम चुनाव, प्रचार के तरीके बदले

लंदन, एजेंसी

- सुनक नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे
- लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर भी उत्तरी लंदन के मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताहांत में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पार्टी की तरफ से इस पद के उम्मीदवार लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे। सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए हिंदू घोषणापत्र के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदूओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है। सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं : लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी व अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है।

लंदन में स्वामी नारायण मंदिर में संतों से साथ राष्ट्रपति सुनक। ● एजेंसी

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

रूस ने 31 जुलाई तक गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट बढ़ाया

मॉस्को। रूसी सरकार ने गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी शनिवार को आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित प्रासंगिक दस्तावेज के माध्यम से मिली। दस्तावेज 29 फरवरी के सरकारी संकल्प संख्या 243 में संशोधन करता है रूस से वाणिज्यिक गैसोलीन के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने पर।

रूसी ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविलीव ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त ईंधन भंडार बन गया है और मांग पूरी तरह से आपूर्ति के अनुरूप है, उन्होंने कहा कि बाजार की जरूरतों के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन देशों को छोड़कर अन्य देशों में गैसोलीन के निर्यात पर प्रतिबंध एक मार्च को लगाया गया था। मई के अंत में, सरकार ने 30 जून तक प्रतिबंध को निलंबित कर दिया था। गैसोलीन निर्यात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाने का निर्णय रूसी बाजार की संतृप्ति के संबंध में किया गया था, ताकि कई रिफाइनरियों द्वारा प्रसंस्करण में कमी और बंदरगाहों में अनलोडिंग से रोका जा सके।

इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष समाप्ति का प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

- वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में कहा अमेरिकी अधिकारी बातचीत से हल निकालने में जुटे

अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी वाशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को जानते हैं लेकिन फिर भी वे तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया था कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 1,00,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े।

गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर, एजेंसी

- 43 करोड़ ठगे, आदेश न मानने पर दांत निकलवाए, कैंची से मारा

यहां की धर्मगुरु वू मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो हो उन्हें क्रूर सजा देती थी।

वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी। सिंगापुर के न्यूज चैनल सीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं। वू मे हो सिंगापुर में साल 2012 से 30 भक्तों के समूह वाला एक आश्रम चला रही है।

वू मे हो 2012 में श्री शक्ति नारायणी अम्मा से जुड़ी

वू मे हो साल 2012 में ही श्री शक्ति नारायणी अम्मा से सीधे तौर पर जुड़ी थी। इस दौरान उसने देवताओं और आत्माओं से बात करने वाली देवी के रूप में खुद की पहचान बनानी शुरू की। इसके बाद उसने अपने भक्तों से खुद को भगवान कहने को कहा। कोर्ट में वू मे हो के भक्तों ने बताया कि हम अपनी बीमारियां ठीक करने और जीवन बेहतर करने के लिए उसके पास जाते थे। इसी दौरान वू मे हो लोगों से पैसे मांगती थी।

कजाकिस्तान जाएंगे जिनपिंग, राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लेंगे हिस्सा

अल्माटी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो से चार जुलाई तक कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कजाख राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने रविवार को दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के निमंत्रण पर चीनी नेता अगले सप्ताह ताजिकिस्तान का दौरा भी करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में चुनयिंग ने कहा 2 से 6 जुलाई तक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान का राजकीय दौरा करेंगे। ताजिक विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जिनपिंग की ताजिकिस्तान यात्रा के दौरान नेता सीमित और व्यापक प्रारूपों में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। चीनी राष्ट्रपति अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

संसदीय चुनाव शुरू, मुश्किल में मैक्रों

पेरिस, एजेंसी

- फ्रांस में मध्यावधि हो रहे हैं चुनाव, राष्ट्रपति ने यूरोपीय यूनियन के चुनाव में हार से चुनाव का फैसला लिया था

फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यह चुनाव हार सकते हैं। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन 'टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है।

फ्रांस में वोट डालते सीनियर लीडर। ● एजेंसी

सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का किया आह्वान

काहिरा। लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्ध से जुड़े सुरक्षा खतरों के बीच सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान किया है। लेबनान में सऊदी दूतावास ने यह जानकारी दी।

दूतावास ने शनिवार को कहा लेबनान गणराज्य में सऊदी अरब का दूतावास दक्षिणी लेबनान में वर्तमान घटनाओं पर चिंता व्यक्त करता है, हम एक बार फिर सभी सऊदी नागरिकों से लेबनान की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का पालन करने का आह्वान करते हैं और वहां के नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान करते हैं। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाईड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि पैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 23 जून को अभिनेत्री ने जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर शानदार रिसेप्शन से महफिल में चार-चांद लगाया। पर्सनल लाइफ में अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के बाद नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी सिन्हा फिर से अपने काम पर लग गई हैं। शादी के बाद पहली बार उनका सामना भूत-प्रेत से होगा। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ककुड़ा की अनाउंसमेंट कुछ दिन पहले ही हुई है। मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर तहलका लाने के बाद आदित्य सरपोतदार एक और हॉरर-कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहे हैं। मुंज्या तो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन ककुड़ा को ओटीटी पर उतारा जाएगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है। ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा इंदिरा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर में सोनाक्षी के चेहरे पर खौफ दिख रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर सितारों ने दी बधाई

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद फिल्मीं सितारों ने टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत हासिल की है इस जीत पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के सितारों ने इंडियन टीम को बधाई दी है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा कि टी 5057, आंसू बह रहे हैं। टीम इंडिया के आंसुओं के साथ। विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिन्द जय हिन्द जय हिन्द। अजय देवगन ने अपने ट्वीट में लिखा, ' 'शब्द खुशी को बयां नहीं कर सकते! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया।

कनाडा में वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया। टोरंटो पीयरसन अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को धरना दे रहे वेस्टजेट विमान के रखरखाव इंजीनियर सीन मैकवे ने कहा कि हड़ताल विमानन कंपनी को सम्मानजनक तरीके से बातचीत के लिए मजबूर करने का एक प्रयास है।

तैयारी — उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर लगाया आरोप

नाटो का एशियाई संस्करण बनाने का आरोप

प्योंगयांग, एजेंसी

- कहा- तीनों देश पहले से ही मिसाइल खतरे का डेटा करते हैं साझा
- राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने साझा की जानकारी

उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित करने को लेकर जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर एशियाई संस्करण का नाटो बनाने का आरोप लगाया है। उत्तर कोरियाई राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी केसीएनए ने रविवार को यह जानकारी दी।

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास फ्रीडम एज शनिवार को पूर्वी चीन सागर में संपन्न हुआ। उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते परीक्षणों के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले अगस्त में कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में सालाना आयोजित होने वाले अभ्यास को डिजाइन किया गया था। बयान में कहा गया है कि कैंप डेविड शिखर सम्मेलन के समापन पर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अपने खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देने पर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि तीनों देश पहले से ही वास्तविक समय में मिसाइल खतरे का डेटा साझा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि नया त्रिपक्षीय सैन्य गुट एक युद्ध और आक्रामकता तंत्र है और वाशिंगटन के आदेश पर अन्य देशों के साथ सैन्य टकराव में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन, सोल और टोक्यो के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठबंधन का उद्देश्य न केवल उत्तर कोरिया के खिलाफ है, बल्कि रूस और चीन को भी रोकना है। मंत्रालय ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र वास्तविक खतरा अमेरिकी नीति है, जबकि उत्तर कोरिया की मिसाइल नीति सहित अन्य मुद्दों को सामूहिक प्रतिक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।